

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल


MPHIN/2021/83938



ग्वालियर: वर्ष:4 : अंक: 35 | ग्वालियर, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रुपए


## संचार और प्रौद्योगिकी के मामले में भारत दुनिया में सबसे गतिशील देश : मोदी

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में केवल दो मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं और आज 200 से अधिक हैं। पहले हम ज्यादातर फोन विदेशों से आयात करते थे, आज हम भारत में पहले की तुलना में 6 गुना अधिक मोबाइल फोन का निर्माण कर रहे हैं। हम एक मोबाइल निर्यातक देश के रूप में जाने जाते हैं और हम यहीं नहीं रुके हैं, अब हम दुनिया को चिप्स से लेकर तैयार उत्पाद तक पूरी तरह से मेड–इन–इंडिया फोन उपलब्ध कराने में लगे हुए हैं। हम भारत में सेमीकंडक्टर में भी भारी निवेश कर रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ और विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा का एक साथ होना भी महत्वपूर्ण हैं। डब्ल्यूटीएसए का लक्ष्य गोबल स्टैंडर्ड पर काम कर रहा है। वहीं इंडिया मोबाइल कांग्रेस की




बड़ी भूमिका सर्विसेज के साथ जुड़ी हुई है। आज भारत में गुणवत्ता सर्विसेज बहुत ज्यादा फोकस कर रहे है। हम मानक पर भी विशेष ध्यान दे रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत टेलीकॉम और उससे जुड़े तकनीक के मामले में दुनिया के सबसे हैपनिंग देशों में से एक है। भारत में जहां 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता हैं, 95 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जहां दुनिया के 40 प्रतिशत से अधिक वास्तविक समय में डिजिटल ट्रांसेक्शन होते हैं, जहां डिजिटल कनेक्टिविटी को अंतिम–मील वितरण प्रभावी उपकरण के रूप में दिखाया 21वीं सदी में भारत की मोबाइल और टेलीकॉम यात्रा पूरे विश्व के लिए स्टडी का विषय है। दुनिया में मोबाइल और टेलीकॉम को एक सुविधा के रूप में देखा गया, लेकिन भारत का मॉडल कुछ अलग रहा है। भारत में हमने टेलीकॉम को सिर्फ कनेक्टिविटी का नहीं, बल्कि इक्विटी और ऑपर्च्यूनिटी का माध्यम बनाया। ये माध्यम आज गांव और शहर, अमीर और गरीब के बीच की दूरी को मिटाने में मदद कर रहा है। गया है, वहां पर चर्चा वैश्विक दूरसंचार की स्थिति और भविष्य पर चर्चा वैश्विक गुड का माध्यम बनेगा। भारत ने पिछले 10 साल में जितना ऑप्टिकल फाइबर बिछाया है, उसकी लंबाई धरती और चंद्रमा के बीच की दूरी से भी 8 गुना अधिक है। 2 साल पहले मोबाइल कांग्रेस में ही हमने 5जी लॉन्च किया था, आज भारत का करीब–करीब हर जिला 5जी सर्विस से जुड़ चुका है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा 5जी मार्केट बन चुका है और अब हम 6जी टेक्नोलॉजी पर भी तेजी से काम कर रहे हैं।

## बहराइच हिंसा मृतक के परिजनों ने सीएम से किया मुलाकात

● बीजेपी नेता ने कहा, पहले दूसरे समुदाय के लोगों ने की थी पत्थरबाजी



लखनऊ, एजेंसी। रविवार को बहराइच में हुए हिंसा के मामले में मारे गए युवक रामगोपाल मिश्रा के परिजनों से सीएम योगी मुलाकात किए हैं। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा परशुराम कुशवाहा की मौजूदगी में परिवार के लोगों ने सीएम को आपबीती बताई। वहीं, मुलाकात के बाद बाहर निकले परशुराम कुशवाहा ने कहा सीएम योगी ने कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बहराइच में पहले दूसरे समुदाय के लोगों ने माहौल बिगाड़ा था। पहले उनके तरफ से ही पत्थर बाजी की गई जिससे मूर्ति प्रतिमा का हाथ टूट गया। इसी के बाद गुस्से में युवक ने छत पर चढ़कर झंडा उतारा था। सीएम योगी से मुलाकात पर मृतक के पिता कैलाश नाथ ने कहा कि उनके बेटे की गोली मारकर हत्या की गई है। उनका पूरा परिवार उजड़ गया है। उन्होंने दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग की। मृतक युवके पिता कैलाश नाथ ने बताया है कि हमारे बेटे को गोली से मारा गया है। जिन लोगों ने उसे मारा है उन्हें भी सजा दी जाए। उन्होंने हमारे पूरे परिवार को बर्बाद कर दिया। उन्हें भी सजा मिली चाहिए। सीएम योगी ने इस मामले में को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित परिवार को मिलने के लिए बुलाया है। इस दौरान वो परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी लेंगे। वहीं दूसरी तरफ बहराइच की घटना पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा कि बहराइच में स्थिति नियंत्रण में है। घटना के उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित होगी, यदि पीछे से कोई षड्यंत्र किया गया।

## महाराष्ट्र में 20 नवम्बर, झारखंड में 13 और 20 नवम्बर को चुनाव

नयी दिल्ली एजेंसी। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव एक चरण में 20 नवम्बर को और झारखंड में दो चरणों में 13 तथा 20 नवम्बर को कराये जायेंगे जबकि दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवम्बर को होगी। पन्द्रह राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड संसदीय सीट पर उपचुनाव 13 नवम्बर को होगा। महाराष्ट्र की नांदेड़ संसदीय सीट और एक अन्य विधानसभा सीट पर उप चुनाव 20 नवम्बर को होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में विधानसभा चुनाव के



कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मतदाताओं विशेष रूप से शहरी मतदाताओं से लोकतंत्र के उत्सव में बढ़चढ कर हिस्सा लेने की पुरजोर अपील की। उनके साथ चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधु भी थे। इसी के साथ इन दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। श्री कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों के लिए चुनाव की अधिसूचना 22 अक्टूबर को जारी की जायेगी और नामांकन 29 अक्टूबर तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 30 अक्टूबर को होगी और नाम 4 नवम्बर तक वापस लिये जा सकेंगे। राज्य में एक चरण में चुनाव 20 नवम्बर को होगा।

## एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित : चुनाव आयोग

नयी दिल्ली एजेंसी। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं और ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों का एलान करते हुए मंगलवार को यहां निर्वाचन सदन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरु होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चौनलों ने शुरु में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे। उन्होंने कहा कि जब आयोग की वेबसाइट पर साढ़े नौ बजे पहला रुझान दिया जाता है तो टीवी चौनल मतगणना शुरु होने के 10–15 मिनट के भीतर ही कैसे रुझान देना शुरु करते हैं। बाद में वे रुझान भी एक्जिट पोल की तरह ही गलत साबित होते हैं। हो सकता है कि संवाददाता मतदान केंद्र के आसपास खबरें जुटाते हों लेकिन उनकी खबरें जल्द ही एकदम उलट कैसे जाती हैं इसका मतलब है कि चौनल ऐसा करके सिर्फ अपने एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास करते हैं। आयोग ने कहा कि एक्जिट पोल के लिए आत्मचिंतन की जरूरत है। हो सकता है कि एक्जिट पोल देने वाली एजेंसियों के लोग हों लेकिन इसके परिणाम देने से पहले यह सोचने की जरूरत है कि कहीं परिणाम गलत निकल गये तो फिर नैतिकता का क्या होगा। इस बारे में चिंतन करने की जरूरत है। ईवीएम से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि इसमें कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। ईवीएम की तुलना पेजर से करने पर उन्होंने कहा कि ईवीएम कहीं भी पेजर की तरह बाहर कनेक्टेड नहीं होता है। ईवीएम से किसी भी स्तर पर छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है और इसको लेकर किसी भी तरह से छेड़छाड़ की खबरे निराधार हैं। ईवीएम को हर स्तर पर जांच की जाती है और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक हर स्तर पर वीडियोग्राफी होती है और सभी दलों के एजेंटों के सामने इसे खोला जाता है, सील किया जाता है और इसकी प्रक्रिया पूरी सबके सामने होती है इसलिए इसमें कहीं भी गड़बड़ी किये जाने की संभावना बिल्कुल नहीं है।

## मुर्मु ने अल्जीरिया के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

अल्जीयर्स, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को यहां अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमजीद तेब्बौने के साथ द्विपक्षीय बैठक में दोनों देशों के संबंधों को मजबूत बनाए पर चर्चा की। राष्ट्रपति भवन सचिवालय ने मंगलवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि राष्ट्रपति ने एल मौराडिया पैलेस का दौरा किया, जहां उन्होंने अल्जीरिया के राष्ट्रपति के साथ भारत–अल्जीरिया संबंधों को और अधिक ऊंचे स्तर पर ले जाने के तरीकों पर चर्चा की, जिसमें व्यापार और निवेश पर विशेष ध्यान दिया गया। श्रीमती मुर्मु ने अल्जीरिया के लिए भारत के निरंतर समर्थन और अफ्रीका के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की। दोनों राष्ट्रपतियों ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता का नेतृत्व किया और प्रेस के समक्ष बयान जारी किए। इससे पहले श्रीमती मुर्मु ने अल्जीयर्स में मकाम इचाहिद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और अल्जीरियाई स्वतंत्रता संग्राम में प्राण न्यौछावर करने वाले



सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अल्जीरिया के मुक्ति संघर्ष की याद में मौद्जाहिद के राष्ट्रीय संग्रहालय का भी दौरा किया। राष्ट्रपति ने बाद में अल्जीरियाई आर्थिक नवीनीकरण परिषद और भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अल्जीरियाई–भारतीय आर्थिक मंच को संबोधित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत–अल्जीरिया संबंधों को आगे बढ़ाना हमारे साझा मूल्यों, समान चुनौतियों और आपसी विश्वास पर आधारित है। राष्ट्रपति ने कहा कि अल्जीरिया की तीव्र वृद्धि और विस्तारित अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करती है। उन्होंने भारतीय कंपनियों से आग्रह किया कि वे अल्जीरियाई अर्थव्यवस्था द्वारा पेश किए जाने वाले अवसरों से जुड़े रहें और निवेश करें। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि भारत और अल्जीरिया के बीच कुल व्यापार 1.7 अरब अमेरिकी डॉलर का है, हालांकि, आर्थिक संबंध पूरी तरह से क्षमता का दोहन नहीं कर पाए हैं। उन्होंने ऊर्जा, निर्माण, ऑटोमोबाइल, उर्वरक और फार्मास्यूटिकल्स में हमारे चल रहे सहयोग को मजबूत करने और एक उज्जवल भविष्य के लिए नए व्यापार और निवेश पहलों की पहचान करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## भारत ने अमरीका से 31 प्रीडेटर ड्रोन की खरीद के समझौते पर हस्ताक्षर किये

नयी दिल्ली एजेंसी। भारत ने सशस्त्र सेनाओं की मारक क्षमता बढाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए अमरीका से 31 प्रीडेटर एम क्यू –9 बी ड्रोन की खरीद के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले महीने अमरीका यात्रा के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ इस खरीद सौदे के बारे में बात की थी। इस यात्रा के एक महीने के अंदर इस समझौते पर हस्ताक्षर किये गये हैं। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रक्षा मंत्रालय ने यह समझौता अमरीकी सरकार के साथ किया है और ये ड्रोन तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार यहां एक कार्यक्रम में इस खरीद समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने भी मौजूद थे। इस मौके पर इन ड्रोन की भारत में लॉजिस्टिक, मरम्मत तथा रख रखाव के लिए एटोमिक ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये।

## युवा कांग्रेस का 'नौकरी दो, नशा नहीं' आंदोलन आज से

नयी दिल्ली, एजेंसी। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु छिब ने कहा है कि युवाओं को नौकरी देने का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने रोजगार देने की बजाय युवाओं को नशाखोरी के दलदल में धकेलने का काम किया है और इसके खिलाफ उनका संगठन बुधवार से देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा। श्री छिब ने मंगलवार को यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने बेरोजगारी बढ़ाने और



नशाखोरी फैलाने का काम किया है और इसके खिलाफ उनका संगठन बुधवार को दिल्ली से देशव्यापी आंदोलन शुरू करेगा जो हर राज्य, जिले तथा गांव–गांव तक जाएगा। उनका कहना था कि आज देश का युवा खतरे में है और उन्हें बेरोजगारी के जरिए नशे के दलदल में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश का युवा ड्रग्स की महामारी की चपेट में आ रहा है। विदेशों से भारत में ड्रग्स की खेप पहुंचाई जा रही है। देश के युवक को नौकरी चाहिए नशा नहीं है और इसको लेकर उनका संगठन आंदोलन कर रहा है। उन्हें विश्वास है कि उनका आंदोलन सरकार पर दबाव बनाएगा और देश में युवाओं को नशाखोरी की चपेट में आने से बचाने में उनकी यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। युवा कांगेस अध्यक्ष ने कहा 'श्री मोदी का वादा था कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को नौकरियां देंगे, विदेशों से काला धन वापस लाएंगे, लेकिन ये वादे तो पूरे नहीं हुए– इसके उलट नौकरियों की जगह युवाओं को नशा मिला है।

## तमिलनाडु के कई हिस्सों में बारिश, वर्षाजनित घटनाओं मे चार की मौत

चेन्नई, एजेंसी। दक्षिण–पूर्वी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव का क्षेत्र अभी उसी क्षेत्र में बना हुआ है और कल उत्तरी तमिलनाडु की ओर बढ़ने की संभावना है। वहीं कल शाम



से चेन्नई शहर और उपनगरों सहित तमिलनाडु के कई हिस्सों में छिटपुट से लेकर भारी बारिश हुई और कल शाम से राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में चार लोगों की मौत हुयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये मौतें बिजली गिरने और दीवार गिरने के कारण हुई और राज्य सरकार ने सोमवार देर रात ही पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार सुबह कहा कि इस प्रणाली पश्चिम–उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है और आज तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी के मध्य भागों में एक स्पष्ट रूप से चिह्नित कम दबाव का क्षेत्र बन जाएगा। इसके बाद इसमें तब्दीली होने और उत्तर तमिलनाडु पुडुचेरी और इससे सटे दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों की ओर पश्चिम–उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है। इसके प्रभाव में तमिलनाडु और पुडुचेरी में आज अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी, जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होगी, जिससे तमिलनाडु और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में उत्तर–पूर्वी मानसून के आगमन का मार्ग प्रशस्त होगा।

## राजनाथ सिंह ने तेलंगाना में नौसेना रडार स्टेशन की रखी आधारशिला

नई दिल्ली एजेंसी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जिले के दमगुडेम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बहुत कम आवृत्ति (वीएलएफ) रडार स्टेशन की आधारशिला रखी। उन्होंने इस दौरान कहा कि नौसेना के वीएलएफ स्टेशन में जब परिचालन शुरू हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए महत्वपूर्ण होगा। यह देश में नौसेना का दूसरा वीएलएफ संचार ट्रांसमिशन स्टेशन है। तेलंगाना सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में आईएनएस कट्टाबोम्मन रडार स्टेशन अपनी तरह का पहला स्टेशन था। इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी केंद्रीय मंत्री बंदी संजय




कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। राजनाथ ने कहा कि मैं इस वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े हुए सभी हितधारक को अपनी ओर से बधाई देता हूँ। इसके साथ ही मैं तेलंगाना सरकार का, विशेषकर तेलंगाना के मुख्यमंत्री, ए रेवंत रेड्डी जी का भी उनके विशेष योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि जब यह वीएलएफ स्टेशन अपने निर्माण के बाद कार्यात्मक हो जाएगा तो यह हमारे समुद्री सेना के लिए अनेक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। मेरी नज़र में इस प्रकार के उच्च तकनीक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान ही नहीं होते, बल्कि इनका रणनीतिक भूमिका इन्हें राष्ट्रीय महत्व का दर्जा देता है। राजनाथ ने कहा कि चाहे वह साधारण परिस्थिति हो या फिर असाधारण परिस्थिति, हर स्थिति में किसीभी कमांड सेंटर का उससे जुड़े हुए सभी लोगों के बीच सूचना के निर्बाध प्रवाह का होना बहुत जरूरी है। और इस प्रकार के संचार के लिए ऐसे केंद्र बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सुखद संयोग है कि आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा एपीजे अब्दुल कलाम की आज जन्म जयंती भी है। डॉ. कलाम ने भारत के डिफेन्स सेक्टर में जो महान योगदान किया है उसे लंबे समय तक याद किया जाएगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि इतिहास भी इस बात का गवाह है, कि जिस भी देश ने दुनिया मेंअपनी विशेष पहचान बनाई, जो शक्तिशाली बने उन्होंने एक समय में समुद्र पर दावी होना जरूर किया।





अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र कागरे के भाई वीरू दादा के निधन पर अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप चौहान जी जनपद गाजियाबाद एवं कर्मचारी संघ के प्रांतीय संरक्षक वीरू वाल्मीकि जी जनपद एटा व कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री बिल्लू चौहान जी जनपद अलीगड़ ने निजनिवास झील नगरी गड़मऊ पहुँचे और अनुज वीरू दादा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुये उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर परिवार के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुये कहा कि स्व वीरू भाई के निधन के समय में नही पहुँच पाया जिसेके लिये मुझे बेहद अड़सोस है में एवं पूरा महासभा परिवार कागरे परिवार के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़ा है। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक चौधरी जी प्रदेश महासचिव महेश वाल्मीकि जी प्रदेश सचिव अनूप करोसिया जी मण्डल प्रवक्ता कवि हरिशंकर वाल्मीकि जी जिला महामंत्री महेन्द्र चौहान जी जिला उपाध्यक्ष महेश सिहोतिया जी जिला कोषाध्यक्ष सतीश चौधरी जी महानगर अध्यक्ष राकेश करोसिया जी जिला सचिव अनिल हवालदार जी जिला संगठन मंत्री मिथुन रायबग्गन जी जिला संगठन सयुक्त सचिव अमित घावरी जी मीडिया प्रभारी धीरज चौहान जी बबीना ब्लाक प्रभारी विनोद बादशाह जी एवं युवा नेता ब्द्धक्कहर्षित रत्नाकर जी रमेश प्रसाद जी सलीम भाई जी संतोष जी अरुन जी धर्मेन्द्र जी एवं विशाल जी आदि उपस्थित रहें।

# हृदय में छेद होने के कारण ऑपरेशन हेतु अमित कुमार का जीवन बचाने के लिए लगभग 80 हजार रुपए की आवश्यकता

**संवाददाता सुरेंद्र सपेरा**

ललितपुर के लक्ष्मीपुरा निवासी श्री वीरेंद्र कुमार जैन के पुत्र श्री अमित कुमार जैन जो की टैक्सी चला कर अपने परिवार का जीवन यापन करते हैं को हार्ट में दो वाल्व खराब होने पर तथा हृदय में छेद होने पर ठीक होने के लिए डॉक्टर ने भोपाल में उनका ऑपरेशन होना बताया जिसके लिए आर्थिक स्थिति खराब होने पर मरीज के पिता वीरेंद्र कुमार जैन पिछले 5 माह से दर दर की ठोकने खा रहे हैं बहुत प्रयास के बाद श्री आर के मार्बल किशनगढ़ वालों ने ड़1 लाख की मदद की तथा श्री दिगंबर जैन पंचायत समिति ललितपुर ने लगभग 20000 की, आदिनाथ मंदिर सिविल लाइन ने लगभग ड़10000 एवं मंडी से भी लगभग ड़10000 कुल मिलाकर सब जगह से 1 लाख 40 हजार रुपए की मदद प्राप्त हुई जिसके लिए वह सभी के शुक्रगुजार है लेकिन यह मदद नाकाफी है और इसका कोई मतलब नहीं रह जाता है अगर बाकी के 80 हजार रुपए की मदद नहीं मिलती क्योंकि तब तक अस्पताल वाले जिन्होंने उक्त ऑपरेशन का खर्चा 2 लाख 20 हजार बताया है पूरे नहीं मिलते ऑपरेशन करने को तैयार नहीं है उन्होंने लगभग 1 माह के अंदर-अंदर ऑपरेशन करने का 18 सितंबर को बोला था जो लगभग 18 अक्टूबर को एक माह पूरा होने को है कल अन्नपूर्णा सेवा संघ द्वारा उक्त परिवार के घर जाकर देखा तो वाकई स्थिति बहुत खराब है छोटे-छोटे उसके बच्चे हैं तथा आय का कोई जरिया नहीं ह अभी उसके आगे पूरी जिंदगी पड़ी है

आप लोग जो पैसा देंगे उसे अन्नपूर्णा सेवा संघ के अकाउंट से उक्त बालक के इलाज के लिए अस्पताल के अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा अगर आप फोन पे पर देना चाहते हैं तो अन्नपूर्णा सेवा संघ के कोड या अन्नपूर्णा के मैनेजर के पास आप रसीद कटा कर नगद या अन्नपूर्णा के अकाउंट में आप दे सकते हैं आप जो भी पैसा देंगे उसकी रसीद अन्नपूर्णा सेवा संघ द्वारा आप को दी जाएगी। मरीज की एवं मरीज के पिता की विनती करते हुए फोटो, साथ में भोपाल मेमोरियल हॉस्पिटल का एस्टीमेट, इलाज का कागज तथा अन्नपूर्णा सेवा संघ का क्यूआर कोड एवं बैंक अकाउंट की जानकारी संलग्न है।

# बीजेपी का सदस्यता अभियान है फर्जीः संतोष त्रिपाठी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । बीजेपी फर्जी सदस्य अभियान चला रही है,सुनने में आया है कि बीजेपी द्वारा जारी एक नंबर पर मिस्ड कॉल दो उसके बाद ओटीपी आता है और आप बीजेपी के सदस्य बन जाते हैं लेकिन आजकल बिना मिस्ड कॉल बिना ओटीपी के भी कांग्रेस सहित अन्य दलों के व्यक्ति सदस्य बनाए जा रहे हैं। बीजेपी के फर्जी सदस्यता अभियान पर उक्त आरोप नगर कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी ने लगाया है संतोष त्रिपाठी ने बताया कि रात 1ः54 पर उनके मोबाइल नॉ 9753402585 पर भाजपा द्वारा एक संदेश भेजकर बधाई देते हुए सदस्यता का नंबर जारी किया गया है। जबकि मैंने ना तो कोई मिस्ड कॉल किया और ना ही कोई मैसेज किया और ना ही कोई ओटीपी मेरे नंबर पर आया है। कांग्रेस पार्टी में मेरी आस्था बरकरार है। बीजेपी इस तरीके के हथकंडों को अपना कर भी मेरा मनोबल नहीं तोड़ सकती है,बीजेपी मेरे जैसे मैसेज कांग्रेस सहित अन्य दलों के लोगों को भी भेज कर अपना सदस्यता अभियान बड़ाकर विश्व का सबसे बड़ा दल बनाने का दावा पेश करना चाहती है, जो कि आज के राजनीतिक परिदृश्य में सही नहीं है बीजेपी के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी घर-घर जाकर सदस्य बना रहे हैं,सुनने में आया है कि कुछ जगह बीजेपी के पदाधिकारी अपने परिचित लोगों से मोबाइल कॉल के लिए मांगते हैं और मिस कॉल देकर ओटीपी नोट करके उनको सदस्य बना देते हैं और उस व्यक्ति को जब मैसेज आता है तब पता चलता है कि वह बीजेपी का सदस्य बन गया है मैं बीजेपी के वरिष्ठ नेतृत्व से कहना चाहता हूं कि लोगों को उनकी मर्जी से सदस्य बना कर अपना सदस्यता अभियान बढ़ाएं ना कि फर्जी तरीके से बिना बताए सदस्य बनाकर अपना सदस्यता अभियान बढ़ा रहे हैं,बेजेपी फर्जीपन करके कुछ भी कर सकते हैं।

# शर्मा बने श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संकल्प लेकर प्रदेशभर में कार्य कर रहे श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ के वरिष्ठ नेतृत्व द्वारा कुछ माह पूर्व चित्रकूट में राष्ट्रीय कार्यसमिति की समीक्षा बैठक कर निर्णय लिया था,जिसके चलते राष्ट्रीय संघठन मंत्री सीताराम नारौलिया के अनुमोदन पर नियुक्ति समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण मिश्रा और प्रदेश अध्यक्ष इंजी. विजय शर्मा की सहमती से राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र दुबे ने श्याम सुंदर शर्मा के पूर्व कार्यकाल को देखते हुए पुनः दो बर्ष के लिए संघठन में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। श्री शर्मा को पुनः दो बर्ष के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर श्री शर्मा ने वरिष्ठ नेतृत्व का आभार जताते हुए



कहा कि संघठन नेतृत्व ने उन पर पुनः जो भरोसा जताया है उसके लिए मै वरिष्ठजनो का आभार व्यक्त करता हूँ और भरोसा दिलाता हूँ कि मै संघठन के लिए पूरी ईमानदारी और निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूँगा। श्री शर्मा को पुनः नियुक्ति मिलने पर उनके सैकड़ों समर्थकों और संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाइयाँ प्रेषित की जिनमें प्रदेश अध्यक्ष इंजी विजय शर्मा, सीताराम नारोलिया, सुरेश दांतरे, अबधेश शर्मा, दीपक शर्मा, रामशंकर शर्मा, सत्तू पाठक, रमेश कटारे, गिरिराज पांडेय, राजीव बरुआ, रमेश पाठक, प्रमोद दुबे, राधेशयम शर्मा,परमानंद तिवारी, संतोष दुबे, शिवकुमार शर्मा, बासुदेव राजोरिया, श्रीकृष्ण कटारे, मनीष पुरोहित, कृष्णा पुरोहित, सुनील कांकर आदि लोगों ने बधाइयाँ दी।

# पूर्व सैनिकों ने राज्यपाल के नाम एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सात दिन में कलेक्टर सैनिकों से माफी मांगे अन्यथा प्रदेशभर में होगा आंदोलन अरबिंद तोमर**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पूर्व सैनिक संगठनों की ओर से प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि कैप्टन ज्ञानेंद्र भदौरिया के साथ संभागीय अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर भिंड कलेक्टर साहब से ग्राम हरीछा गौरमी में फौजी के जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर मिले थे यह 10 अक्टूबर की घटना है तब कलेक्टर भिंड ने असवैधानिक शब्दों का इस्तेमाल किया पुलिस कर्मी द्वारा ऑफिस से निकलवा दिया उसी घटना के विरोध में भारी संख्या में भूतपूर्व सैनिकों ने कलेक्टर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया , ग्वालियर चंबल संभाग अध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर ने कहा सात दिन में भिंड कलेक्टर सैनिकों का अपमान मामले में माफी मांगे अन्यथा मुख्यमंत्री को सौंपेंगे ज्ञापन और पूरे प्रदेश में कलेक्टर भिंड द्वारा सैनिकों के अपमान मामले को लेकर प्रदर्शन करेंगे ,समाज सेवी सुनील फौजी ने कहा कि जमीन विवाद में तत्कालीन मुरैना कलेक्टर का रवैया भी ऐसा ही था जिसकी वजह से एक देश भक्त फौजी पान सिंह तोमर को बागी बनना पड़ा इस अवसर पर संघटन संरक्षक रामौतार परमार ,उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह तोमर मीडिया प्रभारी एम डी परमार कोषाध्यक्ष पूरन सिंह सिकरवार ने सभा को संबोधित किया इस मौके पर पूर्व सैनिक भाई सतवीर तोमर,पान सिंह तोमर ,सुरेश सिंह भदौरिया,गौरव राजावत, पूरन सिंह चौहान,ब्रजेश त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दिलीप तोमर, अमर सिंह सिकरवार कारगिल युद्ध विजेता, जितेंद्र सिंह तोमर,शिवप्रताप सिंह तोमर पोरसा संघटन अध्यक्ष,उत्तम सिंह गुर्जर,सुरेश सिंह नरवरिया,यशपाल सिंह गुर्जर,अवधेश भदौरिया, डी के शर्मा,कैप्टन खेमसिंह, बिट्टू तोमर साहब, राजवीर तोमर रंजीत वाल्मीक, जितेंद्र भदौरिया जामपुरा कुलदीप सिंह बरही, राजेश शर्मा इतहार आदि पूर्व सैनिक शामिल रहे

# रेत से भरा ट्रैक्टर ने मारुति सुजुकी में पीछे से मारी टक्कर कार में सवार लोग बच्चे बाल-बाल बचे

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**

दतिया में आज दिनांक 15-10- 24 को बुंदेला कॉलोनी में डॉ अनूप श्रीवास्तव पुत्र श्री अशोक श्रीवास्तव उम्र 33 वर्ष निवासी झांसी बाईपास रोड पानी फिल्टर के पास दतिया में अपने रोक कर चालक गाली गलौच करने लगा और कह रहा तुम्हें जो कुछ करना है सो कर लो मैं तो ट्रैक्टर लेकर जा रहा हूं मैंने कोतवाली दतिया में आकर रिपोर्ट लिखाई

[5ः32 श्द्ब, 16/10/2024]



घर जा रहे थे तभी भास्कर स्कूल के पास बुंदेला कॉलोनी मार्ग से जा रहा थे तभी पीछे से एक ट्रैक्टर का चालक अपने रेत से भारा ओवरलोड ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चला रहा था और मेरी गाड़ी में पीछे से टक्कर मार दी जिससे गाड़ी का पीछे का कांच टूट गया और पीछे की बॉडी ध्यस्त हो गई है ट्रैक्टर बिना नंबर का का था जिसका चालक और ट्रैक्टर मालिक ने थोड़ी देर

+91 63867 64459ः झांसी ललितपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के बीघाखेत टोल प्लाजा पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के आदेश अनुसार एवं झांसी ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा पखवाड़ा दिनांक 02 अक्टूबर 2024 से 16 अक्टूबर 2024 तक आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जागरूकता कार्यक्रम के समापन के दौरान ट्रैफिक इंचार्ज आलोक कुमार तिवारी अमरपुर चौकी इंचार्ज अनिल कुमार , गोपाल शर्मा, सचिन एवं अन्य पुलिसकर्मी द्वारा टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों के प्रति जागरूक किया जागरूकता बढ़ाने के लिए समस्त प्लाजा स्टाफ, को शपथ ग्रहण कराई गई कार्यक्रम का उद्देश्य सभी रोड यूजर सड़क सुरक्षा के बारे में शिक्षित करना और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में मदद करना इस दौरान सड़क पर जा रहे दो पहिया वाहन चालक यात्रियों को हमेशा हेलमेट पहन कर धीमी गति से चलने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने की ट्रैफिक इंचार्ज श्री आलोक तिवारी जी द्वारा सलाह दी गई नशे की हालत में वाहन का संचालन कभी न करने की अपील के साथ ही सामान्य गति से वाहन चलाने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में टोल प्लाजा प्रबंधक विकास सक्सेना, प्लाजा मैनेजर अशोक कुमार सिंह, इंद्रेश,वीरेंद्र गुप्ता,रोहित पाराशर, सचिन, रघुराज सिंह, जितेंद्र शर्मा, नितिश कुमार सिंह, विकास परिहार सहित टोल प्लाजा के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।।

# नेत्र रोग शिविर में 168 मरीजों का परीक्षण,निशुल्क होंगे ऑपरेशन

**स्व.सीताराम जोशी व रामकली जोशी की स्मृति में लगाया शिविर**

**पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड। स्व.श्री सीताराम जोशी व स्व.श्री रामकली जोशी की स्मृति में जिला भिंड में जोशी पाइप फैक्ट्री,इटावा रोड पर विशाल निशुल्क नेत्र रोग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भारत विकास परिषद शाखा भिंड व रतन ज्योति चैरिटेबेल फाउंडेशन समिति ग्वालियर की ओर से आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस राजीव शर्मा (पूर्व आयुक्त) उपस्थित रहे । इस शिविर में 168 मरीजों की आंखों का परीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें दवा वितरित की गई। इनमें मोतियाबंद के ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों को भिंड से बस द्वारा ग्वालियर लाया गया। ऑपरेशन के बाद पुनः बस के माध्यम से ही इन्हें भिंड छोड़ा जाएगा। इस शिविर में भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता सचिव राजमणि शर्मा व जोशी परिवार की ओर से सदस्य दशरथ जोशी, सतीश जोशी, शिव मोहन जोशी, मनोज जोशी, आरके जोशी अधिवक्ता उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर,आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्थानीय निवासियों ने शिविर के आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया।

# थाना बानपुर उदयपुरा रेलवे स्टेशन आवश्यक सूचना दुखद खबर

**अनुज सिंह ठाकुर की रिपोर्ट**



ललितपुर। उदयपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्री कुर्सी पर एक अज्ञात व्यक्ति का सव मिलने से मचा हड़कंम्प वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थी पुलिस जांच में झूठी नोट -मृतक का राजमिस्त्री कारीगर होने का लगाया जा रहा अनुमान सव के पास पड़ी मिली प्लास्टिक की भरी कपड़े की बोरी कुछ कपड़े भी बिखरना बताया जा रहे हैं एवं राजमिस्त्री कारीगर का सामान है जिससे यह प्रमाणित होता है कि मृतक कारीगर हो सकता है जिस किसी महान भाव को भी उक्त के बारे में कोई जानकारी मिल तो तुरंन्त शासन प्रशासन को अवगत कराए। मृतक की फाइल फोटो अधिक से अधिक शेयर करें जिससे पहचान हो सके।

# ग्वालियर से शिवम और पलक को प्राप्त हुआ बाबूजी जगदीश मित्तल काव्य प्रोत्साहन सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**





ओरछा। ओरछा में विश्व भर में काम कर रही देश की सबसे बड़ी काव्य संस्था राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा आयोजित हुए बाबूजी जगदीश मित्तल काव्य प्रोत्साहन सम्मान समारोह में संगम के राष्ट्रीय संरक्षक व संस्थापक बाबूजी जगदीश मित्तल जी और वीर रस के प्रसिद्ध स्वर राष्टकवि सुमित ओरछा द्वारा ग्वालियर शहर के युवा साहित्यकारों कवि शिवम सिंह सिसौदिया और कवयित्री पलक सिकरवार को सम्मानित किया गया व सम्मान राशि भेंट की गयी। यह सम्मान देश भर के मंच पर उल्लेखनीय रूप से सक्रिय कवियों को प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति और लेखन के लिए देश भर से 75 कवियों को आमंत्रित किया गया। जिनमें चंबल अंचल से दीपेंद्र सिंह, विकास, आकाश शर्मा, कल्पेश और हेमंत राजपूत आदि भी सम्मानित हुए।

# श्री आईमाता मंदिर बड़वानी में श्री आई चालीसा पुस्तक का विमोचन हुआ

**सिर्वी समाज के विशिष्ट जनों के साथ मध्यप्रदेश सिर्वी महासभा के पूर्व प्रांताध्यक्ष श्री मनोहरलाल मुकाती द्वारा पुस्तक का विमोचन किया गया**

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

महेश्वर। आईपंथ की अधिष्टात्री श्री आईमाता की जीवन लीलाओं, आध्यात्मिक संदेश, उपदेश एवं शिक्षाओं पर आधारित स्तुति के रूप में श्री आई चालीसा का विमोचन आज सम्पन्न हुआ। श्री आईचालीसा का मूल पाठ आईपंथ के दीवान माधवसिंहजी की अनुमोदना से लगभग एक वर्ष पूर्व जारी किया गया था। आज विमोचित इस पुस्तक में दीवान सा. द्वारा अनुमोदित आईचालीसा के मूल पाठ को इसके भावार्थ सहित प्रकाशित किया गया है। इस पुस्तक का प्रकाशन ÷श्री हरिदासजी स्मारक ट्रस्ट- महेश्वर÷ द्वारा किया गया है। भावार्थ एवं व्याख्या का लेखन हीरालाल देवड़ा (सिवई) द्वारा किया गया है। ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में ट्रस्ट का बैंक अकाउंट नंबर एवं त्तक्र कोड भी दिया गया है जिसके माध्यम से समाजजन अपनी श्रद्धा अनुसार मूल्य अथवा और अधिक सहयोग की राशि सीधे ट्रस्ट को प्रदाय कर सकते हैं। विमोचन करते हुए म.प्र. सिर्वी समाज के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहरलाल मुकाती ने



कहा कि ट्रस्ट द्वारा ÷श्री आई चालीसा÷ का प्रकाशन एक सराहनीय एवं पुनीत कार्य है। इसमें चालीसा के मूल पाठ के साथ प्रत्येक दोहे एवं चौपाई का भावार्थ तथा व्याख्या भी दी गई है जिसके पाठ से आईमाता के जीवन-संदेश तथा उनके उपदेशों को अपनाने की प्रेरणा होगी। आईमाता ने मानव मात्र के कल्याण के लिए सहज एवं सरल मार्ग दिखाया है। आईपंथ एक सफल जीवन दर्शन है जिसकी अनुपालना से 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' का लक्ष्य प्राप्त हो सकता है। इस अवसर पर बड़वानी सिर्वी समाज के वरिष्ठ बद्रीजी कोटवाल, सिर्वी समाज जिला संगठन के उपाध्यक्ष केशव गेहलोत, श्री हरिदासजी स्मा. ट्रस्ट महेश्वर के उपाध्यक्ष द्वय लक्ष्मणसिंह परिहार जाजमखेड़ी, एवं भगवान भाई जड़ीबूटी भी उपस्थित रहे। ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित भावार्थ सहित %श्री आई चालीसा% की यह पुस्तक प्रत्येक ग्राम में श्री आईजी मंदिर के माध्यम से समाजजनों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि वे इसका नित्यपाठ करे एवं अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग राशि त्तक्र कोड के माध्यम से ट्रस्ट के प्रकल्प को आगे बड़ाने हेतु सीधे ट्रस्ट को समर्पित कर सके।

# सड़क किनारे खड़े 14 वर्षीय बालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौके पर हुई मौत



गोरमी। नगर से दो किलोमीटर दूर मेहगांव रोड़ पर अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने बुधवार की सुबह साड़े पांच बजे एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये सड़क किनारे खड़े बालक में टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धर्मवीर पुत्र महावीर शाक्य उम्र 14 साल निवासी वार्ड 13 बुधवार की सुबह 5 बजे अपने दोस्त के साथ दौड़ लगाने मेहगांव रॉड पर गए थे दौनीयापुरा कि तरफ से दौड़ लगाकर आ रहे थे धर्मवीर सबसे आगे निकल आया ओर अग्रवाल पैट्रोल पम्प पर सड़क किनारे खड़ा होकर अपने दोस्तों का इंतजार करने लगा तभी मेहगांव तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन तेजी से आई सड़क किनारे खड़े धर्मवीर में टक्कर मार दी जिससे उसके सर में चोट आई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है

## संपादक की कलम से

# धार्मिक उन्माद की बलि चढ़ते युवा

उत्तर प्रदेश के बहराइच के महराजगंज कस्बे (महसी तहसील) में दुर्गा विसर्जन पर गाने-बजाने को लेकर दो समुदायों में हुई भिड़ंत से उपद्रव हो गया। एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई, तो वहीं एक गम्भीर रूप से घायल है। इसके कारण पूरे जिले में बवाल मचा हुआ है। जुलूस में शामिल लोगों का आरोप है कि एक घर से उन पर पथराव किया गया इसलिये मामला बिगड़ा। यह भी आरोप है कि एक समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24 वर्ष) नामक युवक को घर के भीतर घसीट ले गये जहां उसको गोली मार दी गई। उसकी वहीं मौत हो गई। उसे बचाने गये 28 साल के राजन को भी गोली मारी गई। वह गम्भीर रूप से जख्मी है। दूसरी तरफ ऐसे वीडियो भी वायरल हुए हैं जिसमें दिख रहा है कि वह युवक (रामगोपाल) एक घर की छत पर चढ़कर इस्लामी झंडा खींचकर गिरा रहा है और उसके साथ ही भगवा झंडा फहरा रहा है। दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला इसी कारण से हिंसक टकराव में बदल गया। कई जगहों पर आगजनी हुई है तथा प्रदर्शन किये गये। पुलिस ने कई जगहों पर लाठियां भी चलाईं।

बहराइच की यह घटना पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भड़काने तथा उन्हें उन्मादी बनाने के व्यापक षड्यंत्र का परिणाम ही प्रतीत होता है। देखा गया है कि धार्मिक जुलूसों के दौरान कुछ न कुछ ऐसा बवाल होता है या पैदा कर दिया जाता है जिससे मुठभेड़ की नौबत आ जाती है। खासकर, मस्जिदों के सामने से गुजरते हुए या समुदाय विशेष के मोहल्लों से निकलते हुए भड़काऊ नारे लगाये जाते हैं या काम किये जाते हैं ताकि दूसरे वर्ग में नाराजगी फैले। पुलिस की कार्रवाई भी कई बार एकतरफा होती है। जिन घरों या इलाकों से पथराव करने के आरोप लगाये जाते हैं, उन क्षेत्रों में गिरफ्तारियों का दौर शुरू हो जाता है। बहुत से ऐसे वीडियो सामने आये हैं जिनमें पता चलता है कि पुलिस स्टेशनों में उनकी पिटाई भी की जाती है। यह नागरिक अधिकारों का हनन एवं कानूनों का सरासर उल्लंघन है।

ऐसी घटनाएं किन लोगों की शह पर होती हैं, यह इसी बात से समझा जा सकता है कि बहराइच में उन्मादी भीड़ पुलिस प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग और दूसरी तरफ उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जय-जयकार कर रही थी। निश्चित रूप से यह खतरनाक स्थिति है। अब तक तो यह भी देखा जाता रहा है कि ऐसे मामले होने पर, वह भी विशेषकर उत्तर प्रदेश में शिकायत दर्ज होते ही, बुलडोजरों से आरोपियों के घरों को ध्वस्त कर दिया जाता रहा है। सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले के बाद ऐसी गैरकानूनी कार्रवाइयां फिलहाल स्थगित हैं। इसके बावजूद आरोपी, जो एक समुदाय विशेष के होते हैं, अन्य तरीकों से पुलिस एवं प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होते हैं।

कहना न होगा कि इनमें से ज्यादातर भारतीय जनता पार्टी एवं उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अथवा उनके किसी अनुषंगिक संगठनों से जुड़े लोग होते हैं।

प्रत्यक्ष तौर पर तो ये धार्मिक जुलूस होते हैं लेकिन इनके पीछे राजनीतिक उद्देश्य निहित हैं। ऐसे जुलूसों के जरिए सियासी मकसद साधे जा रहे हैं- यह बात जुलूस में शामिल होने वालों, खासकर युवाओं को समझनी होगी। इसी मामले को देखें तो इसमें एक युवक को अपनी जान गंवानी पड़ी। लोगों को इस बात पर गौर करना चाहिये कि बड़े नेताओं के बच्चे ऐसे फसादों से दूर रहकर अपना कैरियर बनाते हैं या फिर अच्छी नौकरियां करते हैं। कम पढ़े-लिखे, ड्रॉप आउट्स, निम्न वर्गीय परिवारों के बच्चों को ऐसे जुलूसों में लाया जाता है। दरअसल ऐसे आयोजन करने वालों के लिये उन लोगों की जानें बहुत सस्ती होती हैं जो उन्हें भड़काकर धार्मिक व पवित्र आयोजनों को हिंसक वारदात में बदलकर ध्रुवीकरण करते हैं और उनका अंतिम लाभ भी उन्हें या उनके राजनीतिक संगठनों को ही चुनावी सफलताओं के रूप में प्राप्त होता है। पिछले दिनों गणेश विसर्जन के दौरान भी देश के कुछ हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं हुईं। उनमें भी एक वर्ग विशेष के लोगों को दोषी ठहराया गया। यह नैरेटिव ही लोगों के दिमागों में बिठा दिया गया कि एक समुदाय विशेष के लोग पत्थरबाज होते हैं। यहां तक कि वंदे भारत जैसी ट्रेन पर पत्थर चलाने वाले कुछ शरारती तत्व थे लेकिन उन घटनाओं को कुछ इस तरह से पेश किया गया कि ये लोग भारत में ही रहकर देश की तरक्की से जलने वाले लोग हैं। इस विमर्श को यहां तक विस्तार दिया गया कि कुछ ट्रेन दुर्घटनाओं का कारण भी इन्हीं तत्वों द्वारा पटरियों में पत्थर रखना बतलाया गया।

# हरियाणा का एक ही लाल, मनोहर लाल

भारत के विभाजन के बाद पश्चिमी पंजाब के झंग जिले से रोहतक जिले के बनयानी गाँव में आकर बसा पंजाबी हिंदू परिवार जो बाद में रोहतक जिले के मेहम तहसील के निंदाना गाँव में बस गया। इस परिवार में 5 मई 1954 को जन्मे वर्तमान हरियाणा की राजनीति के सबसे बड़े चेहरे या कहें हरियाणा की राजनीति के चाणक्य जिन्होंने पर्दे के पीछे से अपने चंद्र गुप्त मौर्य नायब सिंह सैनी को आगे कर हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की शतरंज की बाजी को संपूर्ण तरीके से ही बदल दिया।


वर्तमान मीडिया के बड़े बड़े जानकर, अखबार और सोशल मीडिया इसे कुछ दिन का खेल बता रहे है, और कह रहे है कि यह रातों-रात हुआ परिवर्तन है, परन्तु कोई भी परिवर्तन या क्रांति एक -दो रात का परिणाम नहीं होती, उसके लिए पहले मैदान तैयार करना पड़ता है। ऐसे ही कोई चंद्रगुप्त मौर्य नहीं बनता उसके पीछे एक कौटिल्य होता है, जिसके संपूर्ण जीवन की तपस्या उसके पीछे लगी होती है।

ऐसा ही एक व्यक्तित्व जो राष्ट्र प्रथम के जीवन मंत्र को अपनाते हुए, दिन रात अपने कर्म पथ पर आगे बढ़ रहा है, जिसने साढ़े 9 साल तक हरियाणा के शीर्ष सिंहासन पर बैठने के बावजूद एक रात में बिना विचलित हुए, बिना किसी सवाल जवाब के कुर्सी को इस प्रकार त्याग दिया जैसे एक कर्मयोगी अपने राह के एक पड़ाव को छोड़कर दूसरे पड़ाव की ओर चल देता है। दुनिया उसे मनोहर लाल खट्टर के नाम से जानती है।

मनोहर लाल खट्टर जो मूल रूप से रोहतक के रहने वाले हैं। उनके पिता जिंदगी की शुरूआती दिनों में मजदूरी करते थे बाद में उन्होंने एक कपड़े की दूकान खोल ली थी। एक नंबर कम रहने के कारण मनोहर लाल का रोहतक मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं हो पाया था, जिसके बाद में उन्होंने दिल्ली के सदर बाजार में एक कपड़े की दूकान खोल ली, लेकिन जिसपर एक बार देशभक्ति का रंग चढ़ जाएं उसका मन व्यवसाय में कहाँ लगता है। उन्होंने अपना व्यवसाय भाई को सौंप दिया और स्वयं आरएसएस के प्रचारक बन गए। बाद में उन्होंने बीजेपी के संगठन को संभाला और हरियाणा में आज पार्टी के संगठन को बेहद मजबूत कर दिया है।

हरियाणा के विधानसभा चुनाव में मतदान से पहले उन्होंने कांग्रेस सांसद कुमारी शैलजा का मुद्दा उठाते हुए मनोहर लाल ने शैलजा के भाजपा में शामिल होने की संभावनाओं वाला बयान दिया था। उन्होंने कहा था, राजनीति में संभावना तो सदा बनी रहती है। उनके इस बयान के बाद शैलजा भी सक्रिय हो गईं। उन्होंने उसी दिन मनोहर लाल के बयान का खंडन नहीं किया। दो या तीन दिन बाद शैलजा ने अपने बयान में कहा कि, वे मरते दम तक कांग्रेस में रहेंगी। लेकिन तब तक भाजपा इस मुद्दे की मारक क्षमता तय कर चुकी थी। चुनाव प्रचार में इसे कैसे भुनाना है, रातोंरात इसका होमवर्क पूरा कर लिया गया था। इसका लाभ भाजपा को हुआ भी। कुछ मीडिया हाउस, समाचार पत्र और सोशल मीडिया इसे गेम चेंजर चाल बोल रहे है, इस चुनाव में भाजपा की विजय के कुछ तत्कालीन कारणों में से यह एक कारण हो सकता है परन्तु अगर गहराई से देखा जाए तो यह परिवर्तन रातों रात नहीं हुआ है, इसके पीछे मनोहर लाल के शासन काल के वो साढ़े नौ साल रहे है जिनमें हरियाणा की जनता ने हरियाणा को भ्रष्टाचार, अपराध एवं पर्ची और खर्ची वाले हरियाणा से एक नए पारदर्शी, अपराध मुक्त और विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते हरियाणा के रूप में परिवर्तित होते देखा है।

वर्तमान विधानसभा चुनाव में जीत की भूमिका निभाने वाले सबसे बड़े नायक के रूप में मनोहर लाल सरकार की वो नीतियां रही है,



जिन्होंने हरियाणा के गाँव-गाँव मे गरीब परिवारों और बच्चों में यह विश्वास जगाया है कि वो भी अपनी मेहनत और लगन से बिना किसी भेदभाव के सरकारी नौकरी लग सकते है। सरकार द्वारा ग्रुप सी और डी की भर्तियों में साक्षात्कार समाप्त कर देना और लगभग 1 लाख 14 हजार पदों पर पारदर्शिता से नियुक्तियां करना चुनाव में गेम चेंजर साबित हुआ है।

मनोहर लाल खट्टर सरकार की एक स्कीम जिसे केंद्र सरकार ने भी जोर शोर से लागू किया है। यह स्कीम है- स्वामित्व। इसके तहत गांवों में लोगों के घरों के दस्तावेज दिए जा रहे हैं। इससे लोगों को अपने घरों का मालिकाना हक मिल सकेगा। कब्जे आदि के विवाद खत्म होंगे और जरूरत पर इन घरों के आधार पर लोगों को होम लोन भी मिल सकेगी। इस तरह यह स्कीम करोड़ों ग्रामीण परिवारों को उनकी पहचान देने वाली है और उनके घर को पहचान दिलाने वाली है। इस स्कीम के अलावा परिवार पहचान पत्र की योजना पूरे भारत में खूब चर्चा का विषय रही है। खेती में विविधता को बढ़ावा देने के लिए धान की खेती न करने पर किसानों को लाभ देने की स्कीम भी मनोहर लाल सरकार ने शुरू की थी।

मनोहर लाल सरकार की मुख्यमंत्री आवास योजना, जिसमें जिन लोगों की सालाना आय 1.80 लाख रुपये वार्षिक से कम है, उनको इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा फ्लैट या प्लॉट उपलब्ध करवाएं जा रहे है, जिसमें हरियाणा में 2 लाख 90 हजार ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है, सरकार की तरफ से पहले चरण में प्रदेश के 14 शहरों के लिए 10 हजार 542 फ्लैट उपलब्ध कराए गए है, जो गरीबों को दिए जाएंगे।

2014 में मुख्यमंत्री बनने के बाद जनता की शिकायतें सुनने के लिए उन्होंने सीएम विंडो की शुरूआत कर आम जनता के लिए एक ऐसी खिड़की खोल दी, जहां कोई भी अपनी शिकायत रख सकता था। जिसके कारण जनता को अब अपनी शिकायतें लेकर विधायक आवास, जिला अधिकारी या फिर चंडीगढ़ तक दौड़ लगानी नहीं पड़ती है। कर्मचारियों के लिए मनोहर लाल खट्टर सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर-पोस्टिंग योजना पूरे भारत एवं अन्य राज्यों में चर्चा एवं अध्ययन का विषय बनी रही है, इस योजना ने जहाँ हरियाणा के आम कर्मचारी को तबादलों में होने वाले भ्रष्टाचार से निजात दिलवाई, वहीं प्रमोशन हेतु परीक्षा जैसे मुद्दों ने कर्मचारियों के सामने सरकार की साफ और पारदर्शी छवि को पहुँचाया।

किसान कल्याण के लिए बनाई गई योजनाएं, जो बिना किसी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटे कही से भी ऑनलाइन अप्लाई की जा सकती है, जैसे कई कदमों ने मनोहर लाल को जनता का चहेता मुख्यमंत्री बना दिया था। वर्तमान में हरियाणा सरकार द्वारा राज्य मेंह्ममेरा पानी मेरी विरासत योजनाह्वजैसी लगभग 681 योजनाएं ऑनलाइन उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसका ही परिणाम है कि अब आम जनता को यह लगने लगा है कि सरकार प्रतिबद्ध है प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाने के लिए।

शिक्षा के क्षेत्र में मनोहर लाल सरकार का मॉडल स्कूल का मॉड्यूल गरीब परिवार और बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने तथा उन्हें आर्थिक बोझ से बचाने वाला अभूतपूर्व कदम साबित हो रहा है। गीता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का श्रेय भी मनोहर लाल सरकार के खाते में ही जाता है। जिसने हरियाणा की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को पूरे विश्व मे पहचान दिलवाई है।

अपने साढ़े 9 साल के कार्यकाल के दौरान सरकार ने राज्य के संरचनात्मक ढांचे में मूलभूत परिवर्तन किये, जहां पहले गाँवों में 6-8 घंटे बिजली आती थी, वहीं अब 24 घंटे बिजली सप्लाई की गारंटी दी गई है। 2014 में हरियाणा में जहाँ शुगर मिलों की संख्या 11 थी वो अब 14 हो गयी है। हरियाणा में कॉलेजों की संख्या 105 से 182, विश्वविद्यालय 43 से बढ़कर 56, कळ्क 142 से 192, मेडिकल कॉलेज 7 से बढ़कर 15 तथा स्वास्थ्य संस्थान 3944 से बढ़कर 4,266 हो गये है। वही अगर सड़कों की लंबाई की बात करें तो यह 23,548 किलोमीटर से बढ़कर 28,000 किलोमीटर से ज्यादा हो गई है।

मनोहर लाल सरकार द्वारा पानीपत से शुरू किये गये बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का ही सार्थक परिणाम था कि हरियाणा अपने ऊपर सबसे कम लिंगानुपात के लगे दाग को धो पाया और 2014 में जो लिंगानुपात 681 था जो बढ़कर 941 हो गया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला थानों की संख्या में लगातार वृद्धि करना, शहीद सैनिकों के परिजनों के लिए अनुग्रह राशि 20 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए करना तथा घायल सैनिकों के लिए 15 से 35 लाख रुपए की सहायता राशि उपलब्ध करवाना जैसे अनेक कार्यों ने विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत की नींव रखी है।

साढ़े 9 साल सरकार चलाने के बाद संगठन के आदेश पर मनोहर लाल को मार्च 2024 में मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ा और सांसद का चुनाव लड़कर वो केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। परन्तु हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 की रणनीति बनाने और टिकट वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए उन्होंने साबित कर दिया कि वर्तमान हरियाणा की राजनीति का एक ही लाल है वो है मनोहर लाल।



**डॉ. अनिल सैनी**
**समाजशास्त्री और लेखक**

# लोकतंत्र पर शिकंजे का शिकार हुए जी एन साईबाबा

लगभग 10 वर्षों तक अन्याय एवं क्रूरता के शिकार हुए कवि, मानवाधिकार कार्यकर्ता तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के अंतर्गत पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा का शनिवार की रात हैदराबाद के एनआईएमएस अस्पताल में निधन हो गया। इसी अस्पताल में उनकी 5 दिनों पहले गॉल ब्लैडर की सर्जरी हुई थी। वे ठीक हो रहे थे लेकिन दो दिन पहले उन्हें फिर से तकलीफ होने पर उन्हें वापस भर्ती किया गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उनका रक्तचाप गिर गया तथा उन्हें दिल का दौरा पड़ा जो उनके लिये जानलेवा साबित हुआ। उल्लेखनीय है कि तकरीबन 10 वर्षों तक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का आरोप झेलने वाले साईबाबा को इसी वर्ष मार्च में बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपों से बरी किया था। उनके मामले को इस रूप में याद किया जायेगा कि देश में किस हद तक किसी निर्दोष को प्रताड़ित किया जा सकता है- खासकर यदि वह पीड़ितों के पक्ष में बोलने-लिखने वाला हो।

उनकी मौत ने यह भी साबित किया है कि भारत में कानूनों का न केवल राज्य द्वारा बेजा इस्तेमाल होता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया सजा से भी बदतर है। जेल में उनके साथ हुई यातना इतने भर से बयां की जा सकती है कि बचपन से ही व्हीलचेयर पर रहने वाले साईबाबा को नागपुर की अंडा सेल में इस प्रकार से रखा गया कि उन्हें दिन में दो बार नित्यक्रिया एवं स्नान के लिये भी दो लोगों की मदद लेनी पड़ती थी। इस जेल की क्षमता तो 200 कैदियों की थी परन्तु उसमें 1300 लोग थे जहां करवट बदलने के लिये भी परस्पर झगड़े होते थे। डॉक्टरों द्वारा 90 प्रतिशत विकलांग घोषित किये जा चुके साईबाबा पर आरोप लगाया गया था कि उनके माओवादियों से सम्बन्ध हैं और वे राज्य के खिलाफ षडयंत्र में भागीदार रहे हैं। 2013 में हेम मिश्रा, महेश तिर्की, पी नरोटे, प्रशांत राही आदि को माओवादी षड़यंत्र के अंतर्गत गढ़चिरोली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साईबाबा को भी इसमें शामिल होने के आरोप में पकड़ा गया था। उनके पास से नक्सली साहित्य की बरामदगी को आधार बनाकर उन्हें गिरफ्तार किया गया था।

इसके बाद की कहानी भारतीय न्यायपालिका की दुर्दशा की कहानी है जो इस बात पर मुहर लगाने के लिये काफी है कि कैसे एक बार कानूनी मकड़जाल में फंस गये किसी निरीह के जीवन को सरकार कितनी आसानी से बर्बाद कर सकती है। पुलिस ने आरोप लगाया कि साईबाबा ने ही आरोपियों की माओवादियों से मुलाकात कराई थी। पुलिस उन्हें

# असामयिक मृत्यु का कारण है धूम्रपान

एशिया के अधिकतर लोग धूम्रपान की लत में अपना स्वास्थ्य और जीवन बर्बाद कर रहे हैं जबकि उन्हें मालूम है कि धूम्रपान करना एक तरह से मौत को बुलावा देना है।

यह एक विडम्बना है कि पश्चिमी देशों में धूम्रपान करने की प्रवृत्ति में गिरावट आई है परन्तु अब एशियाई देश तम्बाकू के सबसे लाभप्रद बाजार बनते जा रहे हैं। भारत में लाखों लोग बीड़ी एवं सिगरेट के प्रेमी हैं। जबकि चीन में भी लाखों लोग सिगरेट पीते हैं। पड़ोसी देश पाकिस्तान में सिगरेट का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है जहां सिगरेट की वर्तमान खपत 58 प्रतिशत तक बढ़ गयी है। वहीं जापान के लोग प्रति व्यक्ति विश्व औसत से 26 गुना ज्यादा सिगरेट पीते हैं जो धूम्रपान की बढ़ती समस्या की ओर गंभीरता से इंगित करता है।

तम्बाकू के अनेक हानिकारक उत्पादों से एशियाई बाजार पट चुके हैं। क्योंकि यहां के अनेक देशों में व्यापार के लिए तम्बाकू की खेती होती है। विकासशील देश भारत दुनियां में तम्बाकू का तीसरा बड़ा उत्पादक देश है। भारत अपने राजस्व का एक अच्छा अंश तम्बाकू और शराब के माध्यम से एकत्र करता है। हालांकि दुनिया भर में तम्बाकू की खपत के मुकाबले आज भारत में इसकी कुल खपत में सिगरेट का हिस्सा करीब 20 प्रतिशत है। परन्तु यहां तम्बाकू का उपयोग चबाने, पाइप व गुटकों के माध्यम से सर्वाधिक होता है।

# गर्व अनुभव

मां का प्यार जिंदगी भर नहीं भूल सकता,
होकर नतमस्तक सम्मान में सिर झुकता,
उसके आदर्शों पर मैं अब तक टिका,
ईमान मेरा कभी नहीं बिका,
उसूल उसके दिल में पाले,
अमानत समझ कर खूब संभाले,
मिला वह भी जो था असंभव,
मां के प्यार का होता गर्व अनुभव।
अनगिनत थे उसके दुख,
कहां देखा उसने सुख,
भारतीय नारी की वह मिसाल,
हर काम उसका बेमिसाल,
देखे हैं मैंने उसके संघर्ष,
सुख ने नहीं किया उसे स्पर्श,
ममता की मूर्ति वह थी रब,
मां के प्यार का होता गर्व अनुभव।
उसका साथ सदा मिलना,
देख फूलों की तरह खिलना,
मेरी उन्नति पर खुश होना,
मधुर बातों से ममता का बीज बोना,
कर्म से कभी मुख न मोड़ना,
टूटे हुए रिश्तों को जोड़ना,
प्यार की वर्षा बिखेरती थी सब,
मां के प्यार का होता गर्व अनुभव।
करती थी दुख सहन रहकर मौन,
जीवन के पन्नों अब नहीं गौण,
हृदय और मन पटल पर उसकी छाप,
उभर आती यादें बिना कलम-दवात,
नम्रता की थी वह मूर्ति,
उसके चले जाने की असंभव क्षतिपूर्ति,
अकेलापन करता परेशान अब,
मां के प्यार का होता गर्व अनुभव।



**डॉ विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।**

# ब्रोमो-मणिकरण

आओ! कराऊँ मैं तम्हारी प्रकृति से पहचान,
जो है भारत और इंडोनेशिया धरा का मान।
ब्रोमो पर्वत की ऊंचाई, इंडोनेशिया की शान,
मणिकरण की धरा, भारत की पहचान।
ब्रोमो के कांधे से, दूध के बादल उठते,
मणिकरण की धरा से, गर्म चश्मे फूटते।
सूर्योदय का दृश्य, ब्रोमो की चोटी पर।
जन्नत का नजारा, मणिकरण की घाटी पर।
सूरज की लालिमा, ब्रोमो को चमकाए,
मणिकरण की घाटी, सुनाए पौराणिक गाथाएँ।
ब्रोमो और मणिकरण का सफर अनमोल,
सर्पिले रास्ते, साहस रोमांच से भरपूर।
आओ मिल कर गाएँ प्रकृति का गान,
ब्रोमो-मणिकरण मिलकर गाएँ प्रेम के गान।



**योगिता शर्मा**
**इंडोनेशिया**

# खाने की बबार्दी बनाम भूख से मुठभेड़

- अरविंद जयतिलक
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)

यह कितना विडंबनापूर्ण है कि हर वर्ष करोड़ों टन खाने की बबार्दी हो रही है वहीं दुनिया में दाने-दाने के लिए मोहताज लोगों की तादाद बढ़ रही है। अभी गत वर्ष ही सयुक्त राष्ट्र की ह्यद स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022ह्व रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ कि दुनिया के 73.5 लोग भुखमरी के शिकार हैं। जबकि 2019 में यह संख्या 61.8 करोड़ थी। यानी गौर करें तो महज तीन साल के दौरान ही 12.2 करोड़ लोग बढ़ गए जिन्हें एक वक्त का खाना नसीब नहीं हुआ। इस रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में दुनिया की 11.3 फीसदी अर्थात 90 करोड़ लोगों को भरपेट खाना नहीं मिला। दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2022 की ही रिपोर्ट पर गौर करें तो दुनिया भर में अनुमानित रुप से 93.10 करोड़ टन खाना बर्बाद हुआ जो वैश्विक स्तर पर कुल भोजन का 17 फीसदी है।

रिपोर्ट के मुताबिक इसका 61 फीसदी हिस्सा घरों से, 26 फीसदी खाद्य सेवाओं व 13 फीसदी हिस्सा खुदरा जगहों से बर्बाद हुआ। यानी इस तरह दुनिया में सालाना प्रति व्यक्ति 121 किलो खाना बर्बाद हुआ। बर्बाद होने वाले खाने को तौलें तो यह 40-40 टन वाले 2.3 करोड़ ट्रकों में समाएगा जो कि पूरी पृथ्वी का सात बार चक्कर लगाने के लिए पर्याप्त है। खाने की बबार्दी के मामले में पहला स्थान चीन का है जहां हर साल 9.6 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। दूसरे स्थान पर भारत है जहां हर साल 6.87 करोड़ टन खाना बर्बाद होता है। यह प्रति व्यक्ति के हिसाब से 50 किलो ठहरता है। खाने की यह बबार्दी इस अर्थ में ज्यादा चिंतनीय है कि एक ओर जहां दुनिया भर के 73.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हैं और 300 करोड़ लोगों को सेतहमंद भोजन नहीं मिल पाता है वहीं करोड़ों टन खाना बर्बाद हो रहा है।

याद होगा गत वर्ष पहले एसोचैम और एमआरएसएस इंडिया की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि भारत में हर वर्ष 440 अरब डॉलर के दूध, फल और सब्जियां बर्बाद होते




हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक विश्व के एक बड़े उत्पादक देश होने के बावजूद भी भारत में कुल उत्पादन का करीब 40 से 50 फीसदी भाग जिसका मूल्य लगभग 440 अरब डॉलर के बराबर है, बर्बाद हो जाता है। एक आंकड़े के मुताबिक देश में हर साल उतना भोजन बर्बाद होता है जितना ब्रिटेन उपभोग करता है। आंकड़ों पर गौर करें तो देश में 2015-16 में कुल अनाज उत्पादन 25.22 करोड़ टन था। यानी यह 1950-51 के पांच करोड़ टन से पांच गुना ज्यादा है। लेकिन इसके बावजूद यह अन्न लोगों की भूख नहीं मिटा पा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह उत्पादित देश की आबादी के लिए कम है। लेकिन अन्न की बबार्दी के कारण करोड़ों लोगों को भूखे पेट रहना पड़ रहा है। भोजन की कमी से हुई बीमारियों से देश में सालाना हजारों बच्चों की जान जाती है।

वैश्विक भूख सूचकांक-2023 के मुताबिक ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत दुनिया के 125 देशों में 111 वें स्थान पर था जो 2024 में 127 देशों में 105 वें स्थान पर है। भारत को इस सूचकांक में गंभीर श्रेणी में रखा गया है। भारत का स्कोर 27.3 है जो पिछले साल से थोड़ा बेहतर है। यहां ध्यान देना होगा कि बर्बाद भोजन को पैदा करने में 25 प्रतिशत स्वच्छ जल का इस्तेमाल होता है और साथ ही कृषि के लिए जंगलों को भी नष्ट किया जाता है। इसके अलावा बर्बाद हो रहे भोजन को उगाने में 30 करोड़ बैरल तेल की भी खपत होती है। बर्बाद हो रहे भोजन से जलवायु प्रदूषण का खतरा भी बढ़ रहा है। उसी का नतीजा है कि खाद्यान्नों में प्रोटीन और आयरन की मात्रा लगातार कम हो रही है। खाद्य वैज्ञानिकों का कहना है कि कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन की अधिकता से भोजन से पोषक तत्व नष्ट हो रहे हैं जिसके कारण चावल, गेहूं, जौ जैसे प्रमुख खाद्यान में प्रोटीन की कमी होने लगी है। आंकड़ों के मुताबिक चावल में 7.6 प्रतिशत, जौ में 14.1 प्रतिशत, गेहूं में 7.8 प्रतिशत और आलू में 6.4 प्रतिशत प्रोटीन की कमी दर्ज की गयी है। अगर कार्बन उत्सर्जन की यही स्थिति रही तो 2050 तक दुनिया भर में 15 करोड़ लोग इस नई वजह के चलते प्रोटीन की कमी का शिकार हो जाएंगे।

यह दावा हार्वर्ड टीएच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ ने अपनी ताजा रिपोर्ट में किया है। यह शोध एनवायरमेंटल हेल्थ पर्सपेक्टिव जर्नल में प्रकाशित हुआ। एक अनुमान के मुताबिक 2050 तक भारतीयों के प्रमुख खुराक से 5.3 प्रतिशत प्रोटीन गायब हो जाएगा। इस कारण 5.3 करोड़ भारतीय प्रोटीन की कमी से जूझेंगे।

गौरतलब है कि प्रोटीन की कमी होने पर शरीर की कोशिकाएं उतकों से उर्जा प्रदान करने लगती हैं। चूंकि कोशिकाओं में प्रोटीन भी नहीं बनता है लिहाजा इससे उतक नष्ट होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरुप व्यक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगता है और उसका शरीर बीमारियों का घर बन जाता है। अगर भोज्य पदार्थों में प्रोटीन की मात्रा में कमी आयी तो भारत के अलावा उप सहारा अफ्रीका के देशों के लिए भी यह स्थिति भयावह होगी। इसलिए और भी कि यहां लोग पहले से ही प्रोटीन की कमी और कुपोषण से जूझ रहे हैं। बढ़ते कार्बन डाई आक्साइड के प्रभाव से सिर्फ प्रोटीन ही नहीं आयरन कमी की समस्या भी बढ़ेगी। दक्षिण एशिया एवं उत्तर अफ्रीका समेत दुनिया भर में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.4 करोड़ बच्चों और 1.06 महिलाओं के इस खतरे से ग्रस्त होने की संभावनाएं हैं। इसके कारण उनके भोजन में 3.8 प्रतिशत आयरन कम हो जाएगा। फिर एनीमिया से पीड़ित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। प्रोटीन की कमी से कई तरह की बीमारियों का खतरा उत्पन हो गया है। अभी गत वर्ष ही इफको की रिपोर्ट में कहा गया कि कुपोषण की वजह से देश के लोगों का शरीर कई तरह की बीमारियों का घर बनता जा रहा है। कुछ इसी तरह की चिंता ग्लोबर हंगर इंडेक्स की रिपोर्ट में भी जताया गया है। हालांकि यूनाइटेड नेशन के फूड एग्रीकल्चर आगेर्नाइजेशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं के कारण अब भारत में पिछले एक दशक में भूखमरी की समस्या में तेजी से कमी हुई है जिससे कुपोषण का संकट घटा है।

यहां ध्यान देना होगा कि दुनिया भर में सालाना जितना अन्न की वैश्विक बबार्दी हो रही है उसकी कीमत तकरीबन 1000 अरब डॉलर है। दुनिया भर में अन्न की बबार्दी का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यदि कुल बर्बाद भोजन को 20 घनमीटर आयतन वाले किसी कंटेनर में एक के बाद एक करके रखें और ऊंचाई में बढ़ाते जाएं तो 1.6 अरब टन भोजन से चांद तक जाकर आया जा सकता है। आंकड़ों के मुताबिक विकसित देशों में अन्न की बबार्दी के कारण 680 अरब डॉलर और विकासशील देशों में 310 अबर डॉलर का नुकसान हो रहा है।

ध्यान देने वाली बात यह कि अमीर देश भोजन के सदुपयोग के मामले में सबसे ज्यादा संवेदनहीन और लापरवाह हैं। इन देशों में सालाना 22 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है। जबकि उप सहारा अफ्रीका में सालाना कुल 23 करोड़ टन अनाज पैदा किया जाता है। दुनिया के सबसे ताकतवर देश अमेरिका की ही बात करें तो यहां जितना अन्न खाया जाता है उससे कहीं अधिक बर्बाद होता है। आंकड़ों के मुताबिक केवल खुदरा कारोबारियों और उपभोक्ताओं के स्तर पर अमेरिका में हर साल 6 करोड़ टन अन्न बर्बाद होता है।

# आदर्श ग्राम की संकल्पना पर कार्य करेगी जन अभियान परिषदः मोहन नागर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा है कि ग्रामीण समस्याओं को चिन्हित करने व उसके समाधान के लिए समाज को ही जिम्मेदारी लेनी होगी। छोटे-छोटे कार्यों के माध्यम से स्वाबलंबन की दिशा में प्रयास प्रारंभ करने होंगे तभी समाज मे स्थायी परिवर्तन जन भागीदारी के कार्यों से आएगा। वर्षा के जल के संरक्षण के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करना होगा। खेती के क्षेत्र में नवाचार करने होंगे। एफपीओ व एसएचजी के कार्यो को प्रोत्साहित करना होगा। आदर्श ग्राम विकास की संकल्पना के अनुरूप परिषद,इन कार्यों को शासन व समाज के साथ मिलकर प्राथमिकता से करेंगी। उन्होंने रीवा सम्भाग की समीक्षा बैठक में परिषद के समन्वयकों व स्वैच्छिक संगठनों को संबोधित करते हुए कही। परिषद की संम्भाग स्तरीय समीक्षा बैठक में परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देश अनुसार प्रदेश के सभी तहसीलों




में एक-एक ग्राम को चिन्हित कर आदर्श ग्राम की संकल्पना हेतु कार्य करना है। जिसमे जैविक कृषि व गौपालन, नश्ल सुधार, विवाद मुक्त ग्राम, आदि है। कार्यपालक निदेशक ने परिषद के समन्वयकों को समाज के प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु परिषद के नेटवर्क को समन्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के द्वितीय सत्र में जिले में कार्यरत नवांकुर संस्थाओं से भी परिषद के उपाध्यक्ष व कार्यपालक निदेशक ने संवाद कर फीडबैक लिया तथा संस्थाओं ने क्षेत्र स्तर पर उनके द्वारा किये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी दी । बैठक में परिषद के संम्भाग समन्वयक प्रवीण पाठक ने परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं की प्रगति की जानकारी पर आधारित पीपीटी का प्रस्तुतिकरण किया। जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष तथा कार्यपालक निदेशक ने डूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट परिसर में त्रिवेणी (पीपल, बरगद,नीम) पौधों का रोपण किया । इस अवसर पर डूड क्रॉफ्ट इंस्टीट्यूट के प्राचार्य श्री मुंडे, राजीव शुक्ल, निशा जयसवाल, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक, व स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नशे से पीड़ित व्यक्तियों के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ

## कलेक्टर ने काउंसलिंग कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे की प्रवृत्ति से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ किये जा रहे हैं। जिला प्रशासन एवं ब्राम्हाकुमारी संस्थान के सहयोग से प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा सायं 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक नशे से पीड़ित व्यक्तियों को मनोरोग चिकित्सक द्वारा परामर्श एवं काउंसलिंग की जायेगी साथ ही काउंसलर द्वारा मेडिटेशन की प्रक्रिया करायी जायेगी। एक सप्ताह तक चलने वाले बैच पूर्णतः निःशुल्क होगा।

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने ब्राम्हाकुमारी संस्थान में काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जिले में जागरूकता कार्यक्रमों, परामर्श सेवाओं और क्षमता निर्माण को शामिल करने वाले व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से नशे से पीड़ित व्यक्तियों को इस दुष्चक्र से मुक्त करने के लिए प्रयास किये




जा रहे हैं। इस अभियान के आने वाले समय में सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहे। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि जिले में नशामुक्त अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। काउंसलिंग कार्यक्रम के द्वारा भी नशे से पीड़ित व्यक्तियों को नशे से निजात दिलाने के लिए काउंसलिंग बैच प्रारंभ किये जा रहे हैं ताकि उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में ब्राम्हाकुमारी संस्थान के भाई प्रकाश सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के तैयारियों की समीक्षा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



रीवा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री जी उद्योगपतियों से संवाद करेंगे। साथ ही मुख्य समारोह कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के मुख्य हाल में आयोजित किया जाएगा। परिसर में पत्रकारों के लिए प्रेस दीर्घा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी पूरी व्यवस्था करें। कॉन्क्लेव की थीम के अनुसार कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी आयोजित करें। इसके लिए सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कलेक्टर ने कहा कि कॉन्क्लेव में कई वरिष्ठ अधिकारी, उद्योगपति, स्थानीय उद्योगपति तथा विन्ध्य क्षेत्र में निवेश के लिए उत्सुक व्यक्ति शामिल होंगे। इनके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने मुख्य कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम की साज-सज्जा, साउण्ड व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, भोजन व्यवस्था तथा आमंत्रितों के बैठने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहनों की पार्किंग के लिए टीआरएस कालेज मैदान तथा एनसीसी मैदान तत्काल आधिपत्य में ले लें। पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक प्रतिभागियों को पहुंचाने के लिए 15 ई रिक्शा की व्यवस्था कराएं। बैठक में कलेक्टर ने आयुक्त नगर निगम को पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक यूके तिवारी ने इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के लिए की गई तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम गुड़ अनुराग तिवारी, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष पटेल, जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे, महाप्रबंधक उद्योग जेपी तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अग्रवाल गरबा डांडिया रास 2024 आज

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। अग्रवाल समाज रीवा के तत्वावधान में स्थानीय मनोकामना मैरिज गार्डन गोदरेज शोरूम के सामने ढेकहा रीवा में आज दिनाँक 17 अक्टूबर दिन गुरुवार शाम 6 बजे से अग्रवाल गरबा डांडिया रास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री बी.के.अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा होंगें।कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अग्रवाल समाज रीवा एड. सुनील अग्रवाल करेगें।विशिष्ट अतिथि श्रीमती मीना बंसल,प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा,श्री अरुण सिंगला, आईजी कार्यालय रीवा, श्री शिवा अग्रवाल,थाना प्रभारी अमहिया, श्रीमती शोभा अग्रवाल,अध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल रीवा,श्री अजय अग्रवाल,अध्यक्ष अग्रवाल नवयुवक मंडल रीवा,श्रीमती नम्रता अग्रवाल संयोजिका अग्रवाल गरबा रास होंगें।अग्रवाल समाज के मंत्री एड. नूतन अग्रवाल एवं पूर्व मंत्री एड. मनोज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि 5 दिवसीय चल रहे अग्रवाल गरबा डांडिया की कार्यक्रम के अंतिम दिवस मुख्य आयोजन है।जिसमें एकल, सामूहिक आदि प्रकार के कॉम्पटीशन आयोजित होंगें।जिसमें विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।कार्यक्रम में विशेष रूप से मनोरंजनात्मक गेम भी होंगें।कई प्रकार के आकर्षक स्टाल भी लगाए जाएंगे।जिसमें अग्रवाल समाज के सभी अग्रबन्धुओं वरिष्ठजन,महिलाएं,बच्चे-बच्चियों से गरबा डांडिया रास महोत्सव में सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# प्रधानमंत्री 20 अक्टूबर को वर्चुअल माध्यम से करेंगे रीवा एयरपोर्ट का शुभारंभ

## कलेक्टर ने एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 20 अक्टूबर को शुभारंभ करेंगे। लोकार्पण समारोह रीवा एयरपोर्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, सांसदगण, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में लोकार्पण समारोह के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि समारोह स्थल में मंच, पंडाल, साज-सज्जा, आगंतुकों के बैठने, पेयजल तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा की जाएंगी। प्रशासन और नगर निगम की टीम आपको पूरा सहयोग देगी। कार्यक्रम स्थल में पण्डाल लगाने का कार्य तत्काल शुरू करा दें। कलेक्टर ने कहा कि



प्रधानमंत्री जी बनारस से वर्चुअल माध्यम से दोपहर बाद 3 बजे रीवा एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इसके पूर्व 2 बजे से 3 बजे तक रीवा में आयोजित लोकार्पण समारोह के मंचीय कार्यक्रम होंगे। इसके लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम आज ही तैयार करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यक्रम स्थल में मुख्यमंत्री जी दोपहर एक बजे से दो बजे तक 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में रीवा और शहडोल संभाग के उद्योगपतियों से चर्चा करेंगे। इसके लिए पृथक से पण्डाल में व्यवस्था करें। रीवा के उद्योगपति मौके पर संवाद में शामिल होंगे। अन्य जिलों के उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से इसमें जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री जी से चुने हुए उद्यमियों को संवाद का अवसर मिलेगा। संवाद स्थल में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य समारोह में लगभग पाँच हजार व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। वाहनों की पार्किंग, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, साज-सज्जा, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उद्योगपतियों से संवाद के लिए एसडीएम गुड़ समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। मुख्य कार्यक्रम स्थल में व्यवस्था एसडीएम हुजूर सुनिश्चित करें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, एसडीएम गुड़ अनुराग तिवारी, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भोपाल के डायरेक्टर रामजी अवस्थी, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पहली बार सतना पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय हुए हैरान, दे दी करोड़ों की सौगात

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

सतना। नगरीय आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय मंगलवार को अल्प प्रवास पर सतना पहुंचे थे विजयवर्गीय सतना जिले के प्रभारी मंत्री हैं। यहां उन्होंने करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया कार्यक्रम दादा सुखेंन्द्र सिंह स्टेडियम में आयोजित किया गया था इसके अलावा उन्होंने स्टेडियम का भी निरीक्षण किया उन्होंने आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में बीजेपी के जीत का दावा किया वहीं, हरियाणा विधानसभा नतीजों को लेकर इशारों-इशारों में विपक्ष पर तंज भी कसा।

**जिले का प्रभार मिलने के बाद पहला दौरा**–मध्य प्रदेश सरकार द्वारा सतना का प्रभारी मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद कैलाश विजयवर्गीय पहली बार सतना पहुंचे थे उन्होंने दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में, शहर के अंदर किए गए करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया साथ ही स्टेडियम का निरीक्षण भी किया इसके बाद प्रभारी मंत्री ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा भी की वहां से वे भाजपा



कार्यालय गए, जहां पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकत की इसके बाद हेलिकॉप्टर से जबलपुर के लिए रवाना हो गए इस दौरान राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, जिले के विधायक और कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मीडिया से बात करते हुए कहा,जब मैं विद्यार्थी परिषद में काम करता था, तब सतना छोटा से कसबा हुआ करता था अब यह शहर हो गया है। यहां मेट्रो सिटी लेवल का इन्फ्रास्ट्रक्टर है। जिन सुविधाओं की कमी है उसको भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा इसके अलावा विजयवर्गीय ने महाराष्ट्र और झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को लेकर कहा,इन दोनों राज्यों में हम सरकार बनाएंगे साथ ही उन्होंने विपक्ष पर कमेंट करते हुए कहा, ÷हरियाणा में लोग सर्वे में बीजेपी को 20 सीटें दे रहे थे सर्वे में हम छत्तीसगढ़ भी हार रहे थे लेकिन बीजेपी ने दोनों जगह सरकार बनाई।

# रीवा में सुसाइड प्वाइंट क्यों बना राजापुर पुल, कहां गुम हुआ ऑटोचालक, सर्चिंग जारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। रीवा जिले के सोहागी थाना क्षेत्र पर स्थित टमस नदी पर बने राजपुर पुल से रविवार शाम 23 वर्षीय युवक अचानक लापता हो गया परिजनों को आशंका है कि उसने नदी में खुदकुशी करने के लिए छलांग लगाई है। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने नदी में उतरकर युवक की तलाश शुरू की 24 घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।

**पुल पर शाम 7 बजे लावारिस मिला ऑटो**–दरअसल, त्यौंथर तहसील क्षेत्र के चिल्ला गांव का रहने वाला 23 वर्षीय युवक मनीष गुप्ता रविवार की शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच अपना ऑटो लेकर राजपुर पुल में पहुंचा यहां से वह लापता हो गया इसके बाद लोगों ने आशंका जताई कि सुसाइड प्वाइंट बने राजपुर पुल से उसने टमस नदी में छलांग लगाई है पुल से से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने लावारिस खड़े ऑटो को देखकर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने पड़ताल की तो ऑटो में युवक का पर्स और मोबाइल बरामद हुआ युवक की तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला।

## राजापुर पुल पर लगातार हो रही सुसाइड की घटनाएं

इधर, गायब युवक के परिजनो का कहना है कि मनीष गुप्ता ने हाल ही में नया ऑटो खरीदा था वहीं, पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नदी में वोटिंग के जरिए युवक के खोजबीन की बता दें कि बीते दिनो इसी पुल से दो बच्चो संग कर्ज में डूबे पिता ने छलांग लगाई थी राजापुर पुल इन दिनों सुसाइड प्वाइंट बना हुआ है, जहां आए दिन आत्महत्या के मामले आते रहते हैं। इस ममले में थाना प्रभारी सोहागी पवन शुक्ला का कहना है कि युवक की खोजबीन जारी है।

# धर्म परिवार ने सफल आयोजनों के लिये जताया आभार

## गरबा महोत्सव- धर्म विजय यात्रा में पुलिस का रहा सहयोग

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

रीवा। श्री नवदुर्गा पर्व पर हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार द्वारा श्री कृष्णा राजकपूर आयडोटोरियम में हुये गरबा महोत्सव 2024 एवं 14 अक्टूबर को निकाली गई श्री राम धर्म विजय यात्रा की व्यवस्था में जिला पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, आयडोटोरियम प्रबन्धन, गरबा डांस ग्रुपो, कलाकारो स्पांसरो, सहयोगी, नगरवासियों, समिति सदस्यो का जो भरपूर सहयोग मिला है उससे दोनो आयोजनो को भवयता मिली। शांति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ संपन्न सफल यादगार आयोजनो के लिये धर्म परिवार ने सभी लोगो का आभार व्यक्त किया है साथ ही भविष्य में होने वाले सभी धार्मिक उत्सवों का गरिमामय रूप प्रदान कराने तनमन धन से सहयोग देने का आग्रह किया है। यह भावभने उदगार धर्मपरिवार के संस्थापक, आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी ने व्यक्त किये है। धर्म परिवार के अध्यक्ष गुरमीत सिंह मंगू ने कहा सभी धार्मिक उत्सवों को भव्य एवं नवीन रूप प्रदान करने के लिये उनकी टीम पूरी तरह से कटिबद्ध है। इस वर्ष भी पूरी तैयारी के साथ दोनो आयोजन कराये गये जिसमें अगर कोई कभी रह गई हो या किसी को कोई तकलीफ हुई हो तो क्षमा चाहते है भविष्य में और अधिक व्यवस्थायें की जायेगी। कार्यक्रम संयोजक राजीव वर्मा गुड्डू एवं मंच संयोजक युवा अध्यक्ष सुमित माँजवानी ने कहा गरबा महोत्सव में आने वाले श्रद्धालु दर्शको की भारी तादाद के सामने आयडोटोरियम प्रांगण भी छोटा पड़ गया अगले वर्ष किसी बड़े प्रांगण में आयोजन कराया जायेगा। श्री राम धर्म विजय यात्रा का जो स्वागत अयोध्या के रूप में रीवा नगर के वासियों ने किया है उसके लिये धर्म परिवार सदैव ऋणी रहेगा। भविष्य में विजय यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने योजना बनाई जायेगी जिसमें सभी का सहयोग लिया जायेगा।

# सुहाना खान ने स्लिम फिगर का बताया राज



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की बेटी अभिनेत्री सुहाना खान ने आखिरकार अपने परफेक्ट फिट फिगर का राज बता दिया है जिसमें पुल-अप्स और डेडलिफ्ट शामिल हैं।

सुहाना ने इंस्टाग्राम पर जिम में वर्कआउट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से डेब्यू करने वाली अभिनेत्री एक निजी ट्रेनर की देखरेख में पुल अप्स, हिप थ्रस्ट, पुश अप्स और डेडलिफ्ट्स करती नजर आ रही हैं। कैप्शन के लिए उन्होंने सिर्फ एक दिल, पावरलिफ्ट और एक धनुष का इमोजी लगाया है। एक यूजर ने पूछा कि वह पुल-अप्स कैसे कर लेती हैं, जिसके जवाब में उन्होंने कहा, यह एक संघर्ष था। शाहरुख और उनकी पत्नी गौरी खान ने 1991 में पारंपरिक निकाह और हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी।

साल 1997 में उनके बेटे आर्यन का जन्म हुआ था। तीन साल बाद बेटी सुहाना का जन्म हुआ। पावर कपल ने 2013 में सरोगेसी के जरिए बेटे अबराम का परिवार में स्वागत किया। काम की बात करें तो सुहाना जल्द ही अपने पिता के साथ आगामी फिल्म किंग में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन सुजॉय घोष और निर्माण सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। फिल्म के इस साल के अंत में फ्लोर पर आने की उम्मीद है और 2025 में पर्दे पर आ सकती है। इस फिल्म में अभिनेता अभिषेक बच्चन भी होंगे, जो खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।

जुलाई में मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने लगभग पुष्टि कर दी थी कि अभिषेक आगामी फिल्म में काम करेंगे।

'बिग बी' ने एक्स पर एक ट्वीट में अभिषेक के एक फैन क्लब का हवाला दिया। ट्वीट में अभिषेक के खलनायक वाले किरदार के बारे में बताया गया और बताया गया कि अभिनेता श्किंगश में एक नकारात्मक भूमिका में नजर आएंगे।

## विद्या बालन के साथ केबीसी में पहुंचे कार्तिक



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन , अभिनेत्री विद्या बालन के साथ सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन के क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के मंच पर पहंचे। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म 'भूल भुलेया 3' में कार्तिक आर्यन, रूह बाबा और विद्या बालन, मंजुलिका की भूमिका में नजर आएंगी। 01 नवंबर को प्रदर्शित होने वाली इस फिल्म को प्रमोट करने के लिए कार्तिक और विद्या 'कौन बनेगा करोड़पति 16' पहुंचे। कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर विद्या बालन और अमिताभ बच्चन के साथ 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के सेट से एक फोटो पोस्ट की।

## 'भूल भुलैया 3' के टाइटल ट्रैक का टीजर रिलीज



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्म भूल भुलैया 3 के टाइटल ट्रैक का टीजर रिलीज कर दिया गया है। भूषण कुमार के नेतृत्व में टी-सीरीज़, इस दीवाली के लिए पिटबुल और दिलजीत दोसांझ के साथ भुल भुलैया 3 का टाइटल ट्रैक बना रही है। इस ट्रैक का मकसद बॉलीवुड की एनर्जी को इंटरनेशनल बीट्स के साथ मिलाना है, और इसमें कुछ बड़े म्यूजिकल लेजेंड की लाइनअप भी शामिल है। कार्तिक आर्यन टाइटल ट्रैक में लीड कर रहे हैं। साउंडट्रेक तनिष्क बागची द्वारा बनाया गया है, जो अपने पॉपुलर रीमेक के लिए जाने जाते हैं।

## उदयपुरा रेलवे स्टेशन पर रक्तरंजित मिला युवक का शव



ललितपुर। उदयपुरा रेलवे स्टेशन पर शौचालय के पास बैंच पर एक युवक का शव पड़ा मिलने से हडड़म्प मच गया। युवक का सिर माथे पर फटा हुआ था, जिससे काफी रक्त स्राव हो रहा था। प्रकरण को लेकर उदयपुरा रेलवे स्टेशन अधीक्षक शिवम साहू ने तत्काल इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी। जीआरपी ने मौके पर पहुंच कर सिविल पुलिस थाना बानपुर व थाना बार को अवगत कराया। बताया गया है कि बीती 15/16 अक्टूबर की रात्रि को उप स्टेशन अधीक्षक उदयपुरा शिवम साहू ने जीआरपी को सूचना दी कि उदयपुर रेलवे स्टेशन पर टीकमगढ़ एण्ड पर शौचालय के पास बैंच पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है एवं सर से काफी खून बह रहा है। सूचना मिलने पर जीआरपी प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार ने तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से फील्ड यूनिट को घटना स्थल पर बुलाकर निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र करने की कार्यवाही की। इस दौरान मृतक की उम्र करीब 45 वर्ष बतायी गयी, लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक रेलवे झांसी नईम खान एवं थानाध्यक्ष बानपुर सियाराम वर्मा भी आ गये जिनके द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मृतक के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। सिविल पुलिस ने आस पास के ग्रामीणों एवं सोशल मीडिया की मदद से शव के शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सड़कों पर न दिखे अन्ना जानवर, गौशालाओं में संरक्षित करें : डीएम

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण, गोचर भूमि में हरा चारा उत्पादन करने तथा गौवंश आश्रय स्थलों में की जा रही व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला स्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित विचरण कर रहे गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने व गोचर की भूमि में हरा चारा उत्पादन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी गौवंश सडड़ पर नहीं दिखना चाहिए।मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 26 स्थाई/अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल, 03 कान्हा गौशालाएं, 01 पंजीकृत गौशाला तथा 22 कांजी हाउस संचालित हैं, जिनमें लगभग 32000 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। सहभागिता योजनांतर्गत अब तक 10007 गौवंश पशु पालकों को सुपुर्द किए गए हैं।जनपद में 07 वृहद गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है जो शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएंगे जिनमें निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जा सकेगा। जनपद में गोचर /चारागाह की 11.06 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर ग्रास एवं हरा चारा की बुवाई की गई है। अन्य स्थानों पर गोचर भूमि चिन्हित कराकर हरे चारे की बुवाई कराई जा रही है। बैठक मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पांडेय, जिला विकास अधिकारी केन पांडेय, पी डी डीआरडीए दीपक यादव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. देवेंद्र पाल सिंह, खंड विकास अधिकारी सौरव वर्णवाल, सहित अन्य संबंधित विभागों के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ देखा ईवीएम वेयरहाउस

ललितपुर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विकास भवन परिसर में स्थापित ईवीएम वेयर हाउस/एफएली हॉल का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गए कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन कार्यालय, स्ट्रांग रुम एवं ईवीएम वेयर हाउस में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जायें। निरीक्षण के दौराप सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सैनिक बन्धु की बैठक आज

ललितपुर। सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया ने जनपद के सभी भूतपूर्व सैनिकों/दिवंगत सैनिकों की पत्नियों एवं उनके आश्रितों को सूचित किया है कि जिला सैनिक बन्धु बैठक 17 अक्टूबर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकरी की अध्यक्षता में आयोजित की जानी है जिसमे समस्याओं का निराकरण होगा। उन्होंने सम्बन्धितों से अपनी समस्याओं को दो प्रतियों में लिखकर पूर्ण विवरण व आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहचान पत्र की छायाप्रति सहित कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने का आह्वान किया है। ताकि प्रार्थना पत्र अग्रिम कार्यवाही हेतु सम्वन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को अग्रसारित किया जा सके।

बहुरंग

## पूजा हेगड़े ने श्रीलंका में मनाया जन्मदिन



बॉलीवुड अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने श्रीलंका में अपना जन्मदिन मनाया है। पूजा हेगड़े का जन्मदिन 13 अक्टूबर को था। वह अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका गयी थी, जहां उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया।पूजा हेगड़े ने अपने प्रशंसकों को अपने जन्मदिन के जश्न की एक झलक दिखाई है। पूजा हेगड़े ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की है। पूजा हेगड़े ने श्रीलंका के याला में अपने जन्मदिन का आनंद लेते देखा जा सकता है। पूजा ने कैप्शन में लिखा,जंगल में जन्मदिन। सभी प्यार, संदेशों और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद... जितना हो सके उतने लोगों को जवाब देने की कोशिश करूंगी... अभी के लिए, मैं बस पूरी तरह से अभी रहने की कोशिश कर रही हूं। आपसे प्यार करती हूं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है।वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आयेंगी।

दिलचस्प

## सिद्धार्थ मल्होत्रा सग काम करेंगी जान्हवी कपूर



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन ,सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम 'परम सुंदरी' रखा गया है।

दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।



वर्कफ्रंट की बात करें तो माधवन को पिछली बार विकास द्वारा निर्देशित सुपरनेचुरल हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'शैतान' में देखा गया था। फिल्म में माधवन के साथ अजय देवगन, ज्योतिका, जानकी बोदीवाला और अंगद राज भी अहम रोल में हैं। 'शैतान' साल 2023 की गुजराती फिल्म 'वश' की रीमेक है। फिल्म एक ऐसे परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो तब मुश्किल में पड़ जाता है, जब उनकी बेटी एक अजनबी के काले जादू के प्रभाव में आ जाती है और वह उस जादू को रोकने और अजनबी के इरादों को उजागर करने की कोशिश करते हैं। माधवन अगली बार मिथ्रन जवाहर निर्देशित तमिल फिल्म 'अधीरष्टसाली' में दिखाई देंगे। फिल्म में राधिका सरथकुमार और धनसिका भी हैं। आर. माधवन ने 1990 के दशक की शुरुआत में 'बनेगी अपनी बात', 'सी हॉक्स', 'घर जमाई' और 'साया' जैसे हिंदी सोप ओपेरा में अभिनय कर करियर की शुरुआत की। उन्होंने मणिरत्नम की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'अलाई पयूथे' से सुर्खियां बटोरीं।

## थाना गोहद चोराहा पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अपहृत बालक एवं बालिका को दस्तयाब कर उसके परिजनो को किया सुपुर्द



**गोहद**-गोहद चोराहा थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में अपहृत बालक एवं बालिका को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार 11.10.24 को बंजारे का पुरा निवासी युवक ने थाने पर रिपोर्ट की। कि दिनांक 11.10.24 को सुबह करीबन 04.30 बजे मेरी 17 वर्षीय बहिन को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। जिस पर से पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ0 असित यादव के मार्गदर्शन मे एवं संजीव कुमार पाठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड एवं सौरभ कुमार, एसडीओपी गोहद के निर्देशन मे अपहृत बालक/बालिकाओ के दस्तयाबी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर मय फोर्स के साथ रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान पर पहुँचकर प्रकरण सदर की अपहृत बालिका को दस्तयाब किया गया बाद अपहृता के माननीय न्यायालय में धारा 183 बीएनएसएस के कथन कराये जिसने अपने कथनो में आरोपी आकाश बंजारा पुत्र महेन्द्र बंजारा उम्र 21 साल निवासी दिलीप सिंह का पुरा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाना बताया बाद उक्त आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया। वहीं एक अन्य मामले में दिनांक 31.08.24 को फरियादी पूरन सिंह कुशवाह पुत्र हरी सिंह कुशवाह उम्र 46 साल निवासी ग्राम बघौरा हाल वार्ड नं. 18 शिवनगर गली थाना गोहद चौराहा ने थाने पर रिपोर्ट की। कि दिनांक 28, 29.08.24 की दरम्यानी रात को मेरे लडके अंकेश उम्र 17 साल को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। जिस पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना एवं साइबर सेल की मदद से पुलिस फोर्स के साथ रवाना होकर राई सोनीपत, हरियाणा पहुंचा जहाँ से अपहृत बालक अंकेश कुशवाह पुत्र पूरन सिंह कुशवाह उम्र 17 साल निवासी वार्ड नं. 18 गोहद चौराहा जिला भिण्ड को दस्तयाब कर उसके परिजनो को सुपुर्द किया।

## थाना गोहद चौराहा पुलिस ने अबैध पटाखो का निर्माण करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

दैनिक पुष्पांजलि टुडे

गोहद-सर्वा गांव में अवैध रूप से पटाखा निर्माण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड डॉ0 असित यादव के मार्गदर्शन मे एवं संजीव कुमार पाठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड तथा सौरभ कुमार, एसडीओपी गोहद के निर्देशन में अवैध पटाखो का निर्माण, भण्डारण, विक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 15.10.24 को मुखबिर की सूचना पर से मय फोर्स के रवाना होकर ग्राम सर्वा पहुँचकर दबिश दी तो मकान के अन्दर पटाखो का निर्माण करने का सामान व पटाखे कुल कीमती करीबन 20,000 रूपये का मिला जिनको रखने व बैचने के संबंध में आरोपी से लायसेंस व बैध कागजात चाहे तो आरोपी ने कोई लायसेंस व वैध कागजात ना होना बताया उक्त पटाखे व पटाखो का सामान अवैध होने से आरोपी का कृत्य विस्फोटक अधिनियम 9 (ख) के तहत दण्डनीय पाया जाने से मौके पर उक्त पटाखो व पटाखे बनाने की सामग्री को आरोपी के कब्जे से विधिवत जप्त कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया।निरीक्षक बृजेन्द्र सिंह सेंगर, उपनिरीक्षक रामनिवास गुर्जर,सउनि बनवारीलाल सविता, प्रधान आरक्षक शिवराम सिंह, प्रआर0 जगन सिह भदौरिया, रामकुमार सिंह तोमर, आर0 भानू सिंह तोमर, आर0 सर्वेश सिंह तोमर, आर0 पंकज सिंह जादौन, आर0 आर0 वीरभान सिंह, आर0 सतीश सिंह जाटव, महिला आरक्षक शिवानी कुशवाह, आरक्षक चालक मान सिंह सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही है।

# अभियान के तीसरे दिन उपनगर ग्वालियर की विभिन्न बस्तियों में पहुँचे ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

## साफ-सफाई एवं मूलभूत समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी, सीवर लाइन चौक मिलने पर जताई नाराजगी

## स्वयं झाड़ू लगाकर की साफ-सफाई, लोगों से किया आग्रह कचरा निगम के वाहन में ही डालें

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। उपनगर ग्वालियर की बस्तियों की साफ-सफाई एवं मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिये ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तीसरे दिन भी श्री तोमर ने इस क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में पहुँचकर साफ सफाई एवं विद्युत, सीवर व पेयजल आदि समस्याओं की वस्तुस्थिति जानी। उन्होंने मेवाती मोहल्ले में सीवर चौक मिलने पर नाराजगी जताई। साथ ही स्वयं खडे होकर सीवर की सफाई कराई। श्री तोमर ने नगर निगम के अधिकारियों को इस सीवर लाइन को सुचारू करने के निर्देश भी दिए।



ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने अभियान के तीसरे दिन शील नगर से यात्रा प्रारंभ की। शील नगर से चंद्रनगर, कोटेश्वर मंदिर, इंद्रा कॉलोनी, सदाशिव नगर, गुरूनानक नगर, मेवाती मोहल्ला, बहोडापुर, किशनबाग, लक्ष्मीपुरम, किशनबाग, गरगज कॉलोनी, 20 सूत्रीय नगर व इस्लामपुरा होते हुए रामाजी का पुरा पहुँचकर यात्रा का समापन किया गया। भ्रमण के दौरान मंत्री श्री तोमर ने इंद्रा कॉलोनी में स्वयं झाडू लगाकर सफाई की और स्थानीय निवासियों से अपने घर के साथ-साथ मोहल्ले की गलियों को साफ-सुथरा रखने में सहयोग देने का आह्वान किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर साफ-सफाई की पुख्ता व्यवस्था करें और किसी भी बस्ती में अंधेरा न रहे, इसके लिए खराब स्ट्रीट लाइट तत्काल बदली जाएँ। यात्रा के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने स्थानीय निवासियों से कहा कि वे अपने घरों का कचरा बाहर न फेंककर नगर निगम के कचरा वाहन में डालें। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा वाहन नियमित रूप से सभी बस्तियों में पहुँचें। श्री तोमर ने भ्रमण के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ट्रांसफार्मर से घास एवं बेलों के हटाने के साथ ही जहां जालियां नहीं लगी हैं वहां जालियां लगाई जाए। भ्रमण के दौरान श्री प्रयाग तोमर, श्री चंदन राय, श्री जगत कोरव, श्री चिंटू परमार, श्री श्याम गौड, श्री शैलू चौहान, श्री लखन राठौर, श्री जगत सिंह कौरव व श्री राजेश चौहान, श्री मुबीन खान, सहित बडी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्र कल्याण और सनातन धर्म के लिए अखंड ज्योति पहुंची गणेशखेड़ा

**पत्रकार सतीश परिहार**

अखण्ड ज्योति धर्म यात्रा सात महा संकल्पों के साथ खोड़ धायमहादेव मंदिर होते हुए श्री महेश नाहर सिंह परिहार गणेशखेड़ा (जिला अध्यक्ष क्षत्रिय खंगार समाज जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश) जी के यहां पहुंची जिसमें सभी समाज बंधु एवम क्षेत्र वासियों ने भाग लिया और बड़े ही धूम धाम से अखंड ज्योति धर्म यात्रा का स्वागत किया है अखंड ज्योति प्रत्येक घर में 24 घंटे रहेगी और उस घर को सनातन धर्म, हिंदू राष्ट्र के लिए जागरूक करेगी यह अखंड ज्योति हमेशा ही निरंतर जलती रहेगी और अपने प्रकाश से सभी के हृदय में और घरों में आनंदमय प्रकाश भर देगी सेकंड ज्योति धाम यात्रा की बात निराली है इसमें सभी धर्म प्रेमी एवं राष्ट्र प्रेमी इस यात्रा का सहयोग करें एवं इसमें सहभागी बने। निवेदक श्री श्री 108श्री आत्मानंद जी महाराज धाय महादेव महंत ,केरन सिंह लोधी मंडल अध्यक्ष, एवं जिला अध्यक्ष लोधी समाज,महेश प्रताप सिंह खंगार गणेशखेड़ा जिला अध्यक्ष और अरुण परिहार राजौर, रामसिंह परिहार माचमोर, पहाड़सिंह परिहार, सुरेंद्र परिहार, मजबूत सिंह परिहार, रामजीलाल लोधी, नारायण परिहार, कैलास परिहार,संतोष परिहार, सोखा परिहार, राजकुमार परिहार, राजू परिहार, दिमान परिहार , राजपाल परिहार, केशव परिहार, अंगद परिहार, अमोल परिहार, आदि भक्तों ने स्वागत वंदन अभिनंदन किया धन्यवाद।

## मानव श्रृंखला और रैली के माध्यम से चलाया एड्स जागरुकता कार्यक्रम

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**



ग्वालियर। शासकीय कमलाराजा कन्या स्नात्तकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, ग्वालियर में राष्टीय सेवा योजना एवं रेड रिबन क्लब के सहयोग से एड्स जागरुकता रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन हुआ। इस आयोजन में कॉलेज के छात्रों और स्थानीय समुदाय को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक किया।इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. जयश्री चौहान ने कहा,÷एचआईवी/एड्स एक गंभीर बीमारी है, लेकिन जागरूकता और सावधानी से इसे रोका जा सकता है।रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. संगीता सोमवंशी ने कहा ÷हमारा उद्देश्य समाज को एचआईवी के बारे में शिक्षित करना और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाना है।÷कार्यक्रम में एचआईवी/एड्स के बारे में जानकारी देने वाले पोस्टर स्वयंसेविकाओं द्वारा बनाये गये।कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान की प्रोफेसर डॉ. सुधा सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी (प्रो.) डॉ. मीना श्रीवास्तव, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. संगीता सोमवंशी उपस्थित रहीं।अत्यधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज कर छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## ग्वालियर की बेटी यशी को म.प्र राज्यपाल ने किया सम्मानित


**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**






ग्वालियर। शहर के होनहार छात्र व छात्राएं लगातार नगर का नाम रोशन करने में कोई कमी नही छोड़ रहे हैं।और शहर को एक नई पहचान दिलाने की ओर अग्रसर हैं।ग्वालियर शहर की बेटी याशी चंद्रा ने शिक्षा संकाय में गोल्ड मेडलिस्ट, यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।दीक्षांत समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय मंगूभाई छगनभाई पटेल ने याशी को प्रथम स्थान प्राप्त होने पर गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया।ज्ञात रहे कि याशी ग्वालियर शहर की बेटी है।जिन्होंने शहर का नाम रोशन किया है।अपनी इस उपलब्धि पर याशी ने बताया कि वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता व परिवार को देते हैं जिन्होंने उन्हें शिक्षा में कोई कमी नही छोड़ी और हर कदम पर उनका साथ दिया।वहीं उनके पिता ने कहा कि यह खुसी सिर्फ हमारी नही बल्कि सम्पूर्ण शहर के लोगो की खुशी है और आशा करता हूँ कि शहर के अन्य छात्र-छात्राये भी ऐसे ही अपने परिवार व अपने शहर का नाम रोशन करेंगी।याशी की इस उपलब्धि पर उनके परिवारजन समेत,मित्रो व शुभचिंतको ने उन्हें बधाई प्रेषित की है।

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यालय की शाखाओं का भ्रमण



नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी शाखाओं का भ्रमण कर शाखा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग, नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री निरंजन सिंह राजपूत, डीएसपी विजय अम्भौरे, रक्षित निरीक्षक सीहोर श्री उपेन्द्र यादव उपस्थित रहें ।

## पत्रकार एवं मीडियॉ के साथियों से सौजन्य भैंट



नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में मीडिया एवं पत्रकार बंधुओं से सौजन्य भैंट कर सभी से परिचय प्राप्त किया जाकर जिले की स्थिति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग एवं रक्षित निरीक्षक सीहोर श्री उपेन्द्र यादव, निरीक्षक रेडियो जितेन्द्र शाक्य उपस्थित रहें ।

# नवागत पुलिस अधीक्षक ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक

नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला ने पदभार ग्रहण के उपरांत जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस की बैठक ली जाकर कानून व्यवस्था बनाये रखने संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । इस अवसर पर श्री गीतेश गर्ग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर, सुश्री पूजा शर्मा एसडीओपी सीहोर, श्री आकाश अमलकर एसडीओपी आष्टा, श्री शशांक गुर्जर एसडीओपी बुदनी, श्री निरजंन सिंह राजपूत नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर, श्री दीपक कपूर एसडीओपी भेरुन्दा, डीएसपी श्री विजय अंभोरे, थाना प्रभारी आष्टा श्री रविन्द्र यादव, निरीक्षक नीता देअरवाल, निरीक्षक डीएसबी श्री कमल सिंह मंडलोई उपस्थित रहे।



**नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया कार्यालय की शाखाओं का भ्रमण** -नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की सभी शाखाओं का भ्रमण कर शाखा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग, नगर पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री निरंजन सिंह राजपूत, डीएसपी विजय अम्भौरे, रक्षित निरीक्षक सीहोर श्री उपेन्द्र यादव उपस्थित रहें ।

**पत्रकार एवं मीडियॉ के साथियों से सौजन्य भैंट**-नवागत पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला द्वारा आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभा कक्ष में मीडिया एवं पत्रकार बंधुओं से सौजन्य भैंट कर सभी से परिचय प्राप्त किया जाकर जिले की स्थिति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीहोर श्री गीतेश गर्ग एवं रक्षित निरीक्षक सीहोर श्री उपेन्द्र यादव, निरीक्षक रेडियो जितेन्द्र शाक्य उपस्थित रहें ।

## गरीबों को निःशुल्क मिलेगी कानूनी सलाह, पैरालीगल वालेन्टियर की होगी नियुक्ति

**16 नवंबर को होगा पैरालीगल वालेन्टियर के लिए साक्षात्कार**

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जरूरतमंद व्यक्तियों को कानूनी सलाह देने, सहायता करने के कार्य के लिए पैरालीगल वालेन्टियर की नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों पर साक्षात्कार 19 अक्टूबर को होना था। परन्तु अपरिहार्य कारणों से नियत तिथि निरस्त करते हुए अब पैरालीगल वालेन्टियर्स का साक्षात्कार आगामी 16 नवंबर शनिवार को लिया जायेगा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार परामर्श कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस खरगोन में स्वामी विवेकानंद युवा संसाधन केंद्र अंतर्गत 16 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ. शैल जोशी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में रोजगार परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवा संसाधन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो गगन पाटीदार द्वारा रोजगार के अवसरों के संबंध में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि स्नातक उपरांत विद्यार्थी कौनसी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी एवं निजी क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों, स्वरोजगार के उपलब्ध अवसर, संसाधनों की आवश्यकता, नवाचार के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ गणेश पाटिल द्वारा विद्यार्थियों को क्षेत्र अंतर्गत उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो रविन्द्र बर्वे, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा पखबाड़ा का हुआ विधिवत समापन

ललितपुर। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सडड़ सुरक्षा पखबाड़ा सडड़ सुरक्षा पखबाड़ा 02 से 16 अक्टूबर 2024 तक मनाये जाने के क्रम में बुधवार को सडड़ सुरक्षा पखबाड़ा का समापन समारोह एआरटीओ कार्यालय परिसर में भाजपा नगराध्यक्ष मनीष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सम्भागीय निरीक्षक देवदत्त कुमार द्वारा सडड़ सुरक्षा पखबाड़ा के अन्तर्गत दिये गये निर्देशानुसार कराये गये जन जागरूकता कार्यक्रम जनपद के समस्त नोडल अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किये गये कार्यो के वारे में अवगत कराया गया। साथ ही सडड़ सुरक्षा के प्रति आमजन मानस को सावधानी पूर्वक वाहन का संचालन किए जाने एवं सडड़ दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात नियमों का पालन किए जाने पर बल दिया गया। साथ ही उपस्थित चालक, परिचालकों से वाहन का संचालन नियमानुसार किए जाने की अपील की गयी। यात्रीकर अधिकारी लिली चौधरी द्वारा यातायात नियमों का कढ़ाई से पालन किए जाने के सम्बन्ध में विस्तरित रूप से जानकारी दी गयी एवं सडड़ सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी। इस दौरान नगर पालिका, पीडब्लूडी, यातायात निरीक्षक आलोक कुमार तिवारी, रोड सेफ्टी क्लब, आई.राइड., टोल प्लाजा प्रबंधक एवं परिवहन विभाग के समस्त अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अंत में सम्भागीय निरीक्षक देवदत्त कुमार ने आभार जताया।

# चलित खाद्य प्रयोगशाला ने उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति किया जागरूक

## 20 खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्धता की तत्काल प्राथमिक जाँच की

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**



कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के निर्देशानुसार दीपावली के पर्व पर खाद्य पदार्थो की चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा खरगोन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक भ्रमण कर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को मिलावट के प्रति जागरुक किया गया। इस दौरान खाद्य कारबारकर्ताओ को अधिनियम, नियम, विनियम के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्वता की तत्काल प्राथमिक जाँच की गई है। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से शासकीय कन्या हायर सेंकन्डरी स्कूल बालसंमूद की छात्राओं को मिलावट के प्रति जागरुक किया एवं सामान्य परीक्षण करके बताया गया और फूड फोर्टिफिकेशन के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 20 खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य पदार्थो की शुद्धता की तत्काल प्राथमिक जाँच की गई। इनमें जय भोले किराना अभापूरी से मोटी सेंव, क्रिम रोल, फरियाली, मूगफली दाने, मसाला एवं मिर्च पावडर की, न्यू तोमर किराना अभापूरी से चावल,साबुदाना एवं गरम मसाला की, न्यू विशाल टेडर्स अभापूरी से पोहा, चावल, चनादाल, मसाला एवं तुवर दाल की, होटल डिलक्स एवं कोलडिंगस अभापूरी से इमरती,सेंव,मावा बर्फी एवं पेडा की, अमन होटल अभापूरी से इमरती एवं सेंव की, रविन्द्र राडोर किराना अभापूरी से मिक्चर एवं चिप्स की, वल्लभ स्वीटस तिलक पथ खरगोन से मिल्क केक एवं मलाई बर्फी की, रुपश्री स्वीटस एम.जी.रोड खरगोन से मिल्क केक, खोपरा पांक एवं मोतीचूर लडडु की, कल्लु पेडा वाला श्रराफा बाजार खरगोन से पेडा एवं मावा की, राज राजेश्वरी दुध डेयरी तलाई मार्ग खरगोन से दुध एवं घी।

# वामपंथी जनसंगठनों का जनसमस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे, संवाददाता मालनपुर, पहलवान सिंह राजावत**



मालनपुर। वामपंथी जनसंगठनों के पदाधिकारियों ने पूर्व घोषित कार्यक्रम बुधवार को जनसमस्याओं को लेकर दोपहर लगभग 11 बजे से श्रीराम धर्मकांटे से जुलूस निकाल कर नगर परिषद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद सी एम ओ जसवंत सिंह राठौर को 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जिसमें परिषद क्षेत्र में पानी की लाइन बिछाने के लिए खोदी गई गलियों को दुरुस्त करने कारखानों में स्थाई रोजगार में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने कारखाना लगाते समय जिन किसानों की जमीन एक्वायर की गई थी उनके परिवार जनों को स्थाई रोजगार देने नाले नालियों की सफाई करने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने 2023 में शौचालय के जो फार्म स्वीकृत हुए थे उन्हें शीघ्र बनवा जावे यह है कि आवारा गायों व किसानों को पकड़वाकर शीघ्र गौशाला में भेजी जावे यह है की बार्ड क्रमांक 4, 5, 6 का खाद्यान्न कुशवाह कॉलोनी में बांटा जावे यह है कि मजदूरों का वेतन चुनाव के समय अप्रैल में बढ़ाया गया उस पर रोक लगाई गई है वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हस्तक्षेप कर निर्णय कराया जावे यह है की मालनपुर क्षेत्र में जिन लोगों को बेघर किया गया है उन्हें तत्काल पट्टे दिए जावे यह है कि विधवा विकलांग वृद्धा पेंशन बढ़ाई जावे यह कि नगर परिषद मालनपुर में बर्ष 2023 में आवासों के फॉर्म भरे गए थे उन्हें चश्मा कर सार्वजनिक किया जावे हरिराम की कुईया चौराहे पर सी सी टी वी कैमरा लगाए जावे आदि मांग प्रमुख सहित अन्य मांगों को गंभीरता से उठाया गया इनमें से कई समस्याएं तो सीएमओ ने कहा है कि 12 सूत्री मांगों में से कई मांग हो चुकी है क्यों के काम चल रहे हैं हैं जैसे कि नगर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जा चुके हैं एवं 15 वार्डों में पाइपलाइन डालने का कार्य जारी है इस मौके पर गोहद नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रेमनारायण माहौर सीटू से वरिष्ठ मजदूर नेता सीटू जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र कुमार शर्मा, हरगोबिंद जाटव, बीरेंद्र सिंह कुशवाह नारायण शर्मा अनीता गोस्वामी आकाश धाकड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए धरने का संचालन सीटू नेता लायकराम कुशवाह ने किया श्रीलाल माहौर, विमला कुशवाह, रघुवीर सिंह गुर्जर रामगोपाल वाल्मिक रणबीर सिंह लक्ष्मी उत्तम सिंह राजेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# कस्बे में अगाध श्रृद्धा से मनाया जश्ने गौसुलवरा

## जूलूस का समाजसेवियों ने जगह जगह किया स्वागत, प्रशासनिक व्यवस्था क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार व थानाध्यक्ष सियाराम वर्मा के नेतृत्व में चुस्त दुरूस्त रही

**अनुज सिंह ठाकुर ब्यूरो रिपोर्ट पुष्पांजलि टुडे ललितपुर**

ललितपुर/ कस्वा बानपुर - में जश्ने गौसुलवरा (ग्यारहवी शरीफ) का पर्व परम्परागत तरीके से मनाया । सर्वपर्थम सुबह बच्चों का जूलूस निकाला गया जिसका स्वागत गांव के कई समाजसेवियों ने मिष्ठान आदि वितरण कर किया । इसके बाद उक्त जुलूस कस्बे के परम्परागत मार्गो से होकर जामा मस्जिद जाकर सम्पन्न हो गया । बताते चलें इस्लामी कैलैण्डर के चौथे महीने माहे रबीउल आखिर की ग्यारह तारीख के मुबारक मौके पर सारी दुनिया के मुस्लिम धर्मावलम्बी इस पर्व को परम्परागत रुप से हजरत अब्दुल कादिर जीलानी बड़े पीर साहब गौसे आजम की पैदाइश के रुप में मनाते हैं । इस मौके पर तमाम मुस्लिम भाईयों ने अपने घरों व कस्बे मुख्य रास्ते को आकर्षक तरीके से सजाया व जूलूस के दौरान नाते रसूल व मनकवते गौस पड़ी गयी



वही उत्साही युवक जूलूस के दौरान हाथों से परचम कुसाई कर रहे थे व नारे लगाते हुए चल रहे थे । इसी क्रम में कस्बे में भी यह पर्व परम्परागत रुप से मनाया गया। आज सुबह से ही मुस्लिम धर्मावलम्बियों की चहल - पहल बता रही है कि वो सब पर्व की तैयारियों में व्यस्त हैं । इसी क्रम में आज मुख्य जुलूस जामा मस्जिद से लगभग 4 बजे शुरु होकर मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, नई बस्ती , आजादपुरा, खटकियाना मुहल्ला,बड़ा इमाम चौक, छोटा बड़ा जैन मन्दिर ,किले का मैदान, सानियन मुहल्ला,सहरिया बस्ती, मुस्लिम मुहल्ला व मुख्य बाजार से होता हुआ जामा मस्जिद आकर सम्पन्न हो गया । इस अवसर पर जूलूस का जगह - जगह स्वागत किया गया । इसी के साथ यह अगाध श्रृद्धा का पर्व धूमधाम से सम्पन्न हो गया । इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलम्बी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे व पुलिस प्रशासन का सहयोग सराहनीय रहा ।

रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।

## नए सेल्स नहीं बनने देती
# रेडियेशन थेरेपी



आयोनाइजिंग रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता।

### कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- कनफार्मल बीम तकनीक : कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी : सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- रेडियेसेंसिटाइजर्स : यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- रेडियोप्रोटेक्टर्स : यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- रेडियोइम्यूनोथेरेपी: रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

### रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है।




चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है।

चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा ।थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है ।

### ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माड्यूलेटेड रेडियेशन : इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।





### बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जांच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जांच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निश्चित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की स्थिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है।

रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते हैं जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।

# मोटापा और मद्यपान से गंभीर बीमारी का खतरा




विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपने ताजा शोध में कहा है कि 75 साल की उम्र होने तक औसत यूरोपीय महिलाओं की तुलना में ब्रिटिश महिलाओं में कैंसर की बीमारी विकसित होने का ज्यादा खतरा होता है। स्काई न्यूज के अनुसार एक औसत के मुताबिक यूरोप में 75 साल की उम्र तक पहुंचने वाली प्रत्येक पांचवी महिला कैंसर से पीड़ित हो जाएंगी। दूसरी ओर ब्रिटेन में करीब एक चौथाई महिलाएं कैंसर से पीड़ित होंगी। ऐसा इसलिए है कि ब्रिटेन में मोटापे और मद्यपान करने की दर बढ़ती जा रही है। वैसे शोधकर्ताओं का कहना है कि लोगों के कैंसर की बीमारी के चपेट में आने में आनुवांशिकी की एक बड़ी भूमिका होती है। उनका विश्वास है कि यदि लोग स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें व व्यायाम करें तो सामान्य प्रकार के कैंसर की कई बीमारियों से बचा जा सकता है। शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्यवर्धक शाकाहारी भोजन लेने, कम नमक खाने और लाल व प्रसंस्कृत मांस न लेने से कैंसर की बीमारियों में कमी आ सकती है। महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे सामान्य है। विशेषज्ञों का कहना है कि जीवनशैली में बदलाव करके स्तन कैंसर के 10 में से करीब चार मामलों में जान बचाई जा सकती है। विश्व कैंसर अनुसंधान कोष (डब्ल्यूसीआरएफ) के रिचर्ड ईवान्स कहते हैं, एक देश के रूप में हम यूरोपीय औसत के मुकाबले कहीं ज्यादा मोटापाग्रस्त हो रहे हैं और हम ज्यादा शराब पीते हैं। इसलिए इस तरह के परिणाम सामने आना कोई आश्चर्य नहीं है। ब्रिटेन के कैंसर अनुसंधान केंद्र के प्रमुख पॉल मॉस का कहना है, जब खान-पान की बात आती है तो हम दिल की बीमारियों के विषय में ज्यादा सोचते हैं लेकिन कैंसर के खतरे के विषय में ज्यादा नहीं सोचते।



# पैरों में होने वाली खुजली से राहत दिलवाएं कुछ घरेलु उपाय

खुजली हमारे शरीर के किसी भी भाग में हो परेशानी का कारण बन सकती है।यें किसी भी तरह की संक्रमण के कारण पैदा हो सकती है और हमारा सारा ध्यान इस खुजली में ही लगा रहता है। हम इस खुजली से राहत पाने के लिए कई यत्न करते है।कुछ घरेलु उपायों का प्रयोग करके पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।

- सबसे पहले पैरों की सफाई की तरफ विशेष ध्यान दें,पैरों को धोने के बाद जल्दी-जल्दी मोज़े नहीं पहनने चाहिए,पहले पैरों को अच्छी तरह सुखाकर फिर मोज़े पहनने चाहिए।इससे न तो पैरों में बदबू पैदा होगी और न ही पैरों में खुजली की समस्या पैदा होगी।
- पैरों को साफ करने के लिए एक टब में गुनगुने पानी में थोड़ा नमक डालकर पैरों को टब के बीच में रखें,फिर थोड़ी देर के बाद पैरों को निकालकर किसी कपड़े से अच्छी तरह साफ करने से खुजली की समस्या से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों में खुजली होने पर सफेद सिरका प्रयोग करने से राहत पाई जा सकती है।
- पैरों को साफ करके उस पर एलोवेरा जैल का प्रयोग करने से खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- रात को सोने से पहले रोज़ाना पैरों को अच्छी तरह साफ करके इस पर अच्छे मॉइस्चराइजर से मसाज़ करने से पैरों मे रूखापन खत्म हो जाता है और खुजली की समस्या से राहत मिलती है।
- टब में गुनगुना पानी लेकर उसमें नींबू का रस मिलाकर पैरों को पानी के बीच में रखने से पैरों की खुजली समाप्त हो जाती है।
- बेंकिग सोडा का पेस्ट तैयार करके अपने पैरों में लगाने से पैरों की खुजली से राहत पाई जा सकती है।
- नीम की पत्तियों को पानी में डालकर उस पानी में पैरों को थोड़ी देर रखने से खुजली समाप्त हो जाती है।

## मां काली बऊआ मंदिर में भण्डारा न होने पर फूटा महिलाओं का आक्रोश
### घण्टाघर, कोतवाली और फिर कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी



### प्रकरण में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उठायी निष्पक्ष जांच की मांग

ललितपुर। मोहल्ला चौबयाना में पारम्परिक भण्डारा रोके जाने और आयोजनकर्ताओं पर फर्जी मुकद्मा लादकर बंद किये जाने का आरोप लगाते हुये बुधवार को दर्जनों महिलाओं ने घण्टाघर, कोतवाली के सामने और फिर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिलाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुये पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग उठायी है। शिकायती पत्र में महिलाओं ने बताया कि शहर के अति प्राचीन मंदिर श्री रघुनाथजी बड़ा मंदिर में मां काली बऊआ मंदिर पर मोहल्लेवासी व शहर के भक्तों द्वारा विगत पन्द्रह वर्षों से प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है। इस भण्डारे में 50 से 60 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम पारम्परिक है। आरोप है कि कुछ लोग इस कार्यक्रम में बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन को गुमराह कर भण्डारा नहीं होने दिया गया। बताया कि आयोजन समिति द्वारा पूर्व में 12 अक्टूबर को एसडीएम के समक्ष अनुमति के लिए सूचना व प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही रिपोर्ट या अनुमति प्रदान नहीं की गयी, बल्कि आयोजनकर्ताओं पर मामला दर्ज कर बंद कर दिया गया और भण्डारा नहीं होने दिया। यह भी आरोप लगाया कि प्रसाद के लिए लाया गया लाखों रुपये का सामान भी खराब हो गया, जिसे बाद में फेंकना पड़ा। इस पूरे प्रकरण को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देते समय शशिप्रभा चौबे, ज्योति, बबीता, गंगा, पूजा, ममता, रीता, रजनी कुशवाहा, लक्ष्मी, माया, राहुल, प्रिंस, शिवा कुशवाहा, सुमित सेन, मंजीत, दिनेश सोनी, शैलू, नीलेश तिवारी, रोहित मिश्रा, अमित, राज त्रिपाठी, सुरभि, मीना, ज्योति, सुषमा, ललि रैकवार, नत्थी रैकवार, कौशल्या रैकवार, कुसुमलता चौबे, गीता, लता देवी, शिखा दुबे, रूही दुबे, रविन्द्र के अलावा अनेको महिलायें मौजूद रहीं।मां काली बऊआ मंदिर में भण्डारा न होने पर फूटा महिलाओं का आक्रोश

**घण्टाघर, कोतवाली और फिर कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी-**
प्रकरण में मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर उठायी निष्पक्ष जांच की मांग
ललितपुर। मोहल्ला चौबयाना में पारम्परिक भण्डारा रोके जाने और आयोजनकर्ताओं पर फर्जी मुकद्मा लादकर बंद किये जाने का आरोप लगाते हुये बुधवार को दर्जनों महिलाओं ने घण्टाघर, कोतवाली के सामने और फिर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंच कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान महिलाओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुये पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराये जाने की मांग उठायी है। शिकायती पत्र में महिलाओं ने बताया कि शहर के अति प्राचीन मंदिर श्री रघुनाथजी बड़ा मंदिर में मां काली बऊआ मंदिर पर मोहल्लेवासी व शहर के भक्तों द्वारा विगत पन्द्रह वर्षों से प्रत्येक वर्ष नवरात्रि के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया जाता है। इस भण्डारे में 50 से 60 हजार श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। कार्यक्रम पारम्परिक है। आरोप है कि कुछ लोग इस कार्यक्रम में बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन को गुमराह कर भण्डारा नहीं होने दिया गया। बताया कि आयोजन समिति द्वारा पूर्व में 12 अक्टूबर को एसडीएम के समक्ष अनुमति के लिए सूचना व प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही रिपोर्ट या अनुमति प्रदान नहीं की गयी, बल्कि आयोजनकर्ताओं पर मामला दर्ज कर बंद कर दिया गया और भण्डारा नहीं होने दिया। यह भी आरोप लगाया कि प्रसाद के लिए लाया गया लाखों रुपये का सामान भी खराब हो गया, जिसे बाद में फेंकना पड़ा। इस पूरे प्रकरण को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन देते समय शशिप्रभा चौबे, ज्योति, बबीता, गंगा, पूजा, ममता, रीता, रजनी कुशवाहा, लक्ष्मी, माया, राहुल, प्रिंस, शिवा कुशवाहा, सुमित सेन, मंजीत, दिनेश सोनी, शैलू, नीलेश तिवारी, रोहित मिश्रा, अमित, राज त्रिपाठी, सुरभि, मीना, ज्योति, सुषमा, ललि रैकवार, नत्थी रैकवार, कौशल्या रैकवार, कुसुमलता चौबे, गीता, लता देवी, शिखा दुबे, रूही दुबे, रविन्द्र के अलावा अनेको महिलायें मौजूद रहीं।

## व्यापारियों को नोटिस भेजकर अवैध वसूली करने का आरोप



ललितपुर। उत्तर प्रदेश जीएसटी विभाग द्वारा प्रदेश के व्यापारियों को दिये गये लाखों करोड़ों के नोटिस एवं आर.सी. के अलावा विभिन्न धाराओं के आधार पर व्यापारियों को पृथक-पृथक नोटिस भेजकर की जा रही वैधानिक कार्यवाही व अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाये जाने को लेकर उ.प्र. व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने एक ज्ञापन प्रदेश चेयरमेन महेन्द्र जैन मयूर के नेतृत्व में जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री को भेजा है। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि व्यापारियों से जबरन वसूली का दबाव बनाया जा रहा है और शासन के टारगेट के नाम पर वाहनों को रोककर उनमें खामियां बताते हुये लाखों रुपये की डिमाण्ड की जा रही है, जो कि गलत है। व्यापारियों ने इस कार्यवाही पर रोष व्यक्त किया है। व्यापारियों ने 12 सूत्रीय समस्याओं का हवाला देकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय अनेकों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## अम्बाह रितेश श्रीवास्तव जी का विधुत कर्मियों ने किया स्वागत

अम्बाह के नए उपमहाप्रबंधक श्री रितेश श्रीवास्तव जी के पदभार ग्रहण करने पर म,प्र, संविदा एवं ठेका कर्मचारी संघ इंटक शाखा अध्यक्ष शैलेष गुप्ता कुचया जीके निर्देशानुसार अम्बाह उपाध्यक्ष पवन शुक्ला के द्वारा माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया एवं संघ के मुकेश गुप्ता,नारायण पाराशर द्वारा उनसे आग्रह किया गया कि कर्मचारियो की लंबित समस्याओं,सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने निवेदन किया गया जिसपर उपमहाप्रबंधक जी ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियो की समस्या जल्द हल की जायेगी,एवम सुरक्षा उपकरण जल्द दिए जाएंगे। स्वागत समारोह में संघ के श्याम सुंदर शर्मा,नवल सिंह, आदि विधुत कर्मी शामिल थे।

# ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए राज्य स्तर व हर जिले में समितियां होंगी गठितः राजपूत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए राज्य उपभोक्ता संरक्षण समिति गठित की जाएगी। इसी तरह प्रदेश के हर जिले में जिला स्तरीय समिति गठित होगी। ग्राहकों के हितों से संबंधित सुझावों पर सरकार पूरी गंभीरता से अमल करेगी।

यह बात खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता

### ग्वालियर-अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह आयोजित

संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बुधवार को बाल भवन सभागार में अभा ग्राहक पंचायत मध्य भारत प्रांत के स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों ने इस आशय का सुझाव समारोह में दिया गया था। जिसे मंत्री श्री राजपूत ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने ग्राहकों के हितों के संरक्षण के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस, विशिष्ट अतिथि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर थे। अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक एवं अभा ग्राहक पंचायत स्वर्ण जयंती समारोह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडे ने की। इस अवसर पर ग्राहक पंचायत के प्रांत अध्यक्ष डॉ.विजय गंभीर भी मंचासीन रहे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ. गंभीर ने ग्राम पंचायत के कार्यों व उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन लोकेंद्र मिश्रा एवं आभार सुनील श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

**साल में दो बार होगी बिजली को लेकर ग्राहक पंचायत-तोमर**ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने मंच से साष्टांग प्रणाम करने के बाद कहा कि अगले महीने भोपाल में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारियों व विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बिजली संबंधी उपभोक्ताओं की प्रमुख समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी। ग्राहक पंचायत के स्वर्ण जयंती वर्ष समापन समारोह में आए सुझावों के आधार पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर यह ग्राहक पंचायत (बैठक) साल में दो बार आयोजित की जाएगी। इसमें अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत व उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण से संबंधित अन्य संगठनों द्वारा जो सुझाव दिए जाएंगे, उन पर सरकार अमल करेगी।

**अर्थव्यवस्था में नैतिकता नहीं आई तो बढ़ेंगे कैंसर के मरीज- सबनीस**-अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस ने कहा कि ग्राहक अर्थव्यवस्था का केन्द्र होता है। ग्राहक के बिना अर्थव्यवस्था नहीं चल सकती। इसी उद्देश्य को लेकर ग्राहक पंचायत द्वारा ग्राहकों के हितों का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा कमाने के फेर में खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट पर चिंता जताते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था में नैतिकता नहीं आई तो कैंसर के मरीज और बढेंगे। लोग आर्थिक लाभ के लिए दूध, मावा और पनीर नकली बनाने लगे हैं। यही नहीं फसलों, सब्जियों और फलों पर भी कीटनाशक का छिडड़ाव कर रहे हैं। इस धीमे जहर पर रोक लगाना सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, समाज की भी है।

### व्यापार में नैतिकता व शुचिता आएगी तभी राष्ट्र बनेगा महानः पांडे

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य भारत प्रांत के संघचालक अशोक पांडे ने कहा कि व्यापार में नैतिकता व शुचिता आएगी, तभी राष्ट्र महान बनेगा। ग्राहक पंचायत द्वारा 'राष्ट देवो भव' के भाव के साथ ग्राहकों के संरक्षण का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा ग्राहकों का संरक्षण भारतीय संस्कृति के मूल में समाहित है। ज्यादा संचय व ज्यादा उपयोग हमारी संस्कृति में नहीं है। श्री पांडे ने कहा कि लाभ प्राप्त करना ठीक है, परंतु अनुचित ढंग से लाभ कमाना समाज के लिए अभिशाप है।

### ग्राहकों ने सुनाई आपबीती

विभिन्न ग्राहकों ने इस अवसर पर अपनी आपबीती सुनाई और बताया कि किस प्रकार से ग्राहक पंचायत ने उनके हितों की रक्षा की। श्रीमती नीलम गुप्ता ने बताया कि ग्राहक पंचायत की मदद से ही उन्हें एक बिल्डर से 9 प्रतिशत ब्याज सहित धनराशि वापस मिलना संभव हुई। इसी तरह उमाकांत सोनी का कहना था कि एक कोचिंग संस्थान से ग्राहक पंचायत ने मेरे द्वारा जमा की गई राशि वापस करा दी है। श्री सोनी ने बताया कि कोचिंग संस्थान में अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए मैंने फीस जमा की थी, पर जरूरी कारणों से हम बच्चों को कोचिंग नहीं भेज पाए और अपनी फीस वापस मांगी थी, पर कोचिंग संस्थान द्वारा आनाकानी की जा रही थी।

### जन जागरण रैली निकली व प्रदर्शनी भी लगी

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत मध्य भारत प्रांत द्वारा स्वर्ण जयंती वर्ष समापन के उपलक्ष्य में बुधवार को जागरूकता रैली भी निकाली गई। यह रैली बाल भवन से स्टेशन बजरिया होते हुए वापस बाल भवन पहुंची। बाल भवन में ग्राहकों को जागरूक करने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई गई।

# जिले भर की आंगनबाड़ी केन्द्रों का हुआ औचक निरीक्षण

ग्वालियर । आंगनबाड़ी सेवाओं को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से बुधवार को जिले की सभी बाल विकास परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों का अभियान बतौर औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन द्वारा भेजे गए अधिकारियों ने विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पहुँचकर सरकार द्वारा महिलाओं व बच्चों को उपलब्ध कराई जा रहीं सेवाओं की वस्तुस्थिति जानी।

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर निरीक्षण के लिये पहुँचे अधिकारियों ने आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण आहार वितरण, अनौपचारिक शिक्षा, महिलाओं व बच्चों का टीकाकरण, मंगल दिवस एवं कुपोषण निवारण के लिए किए गए प्रयासों




की जमीनी हकीकत समझी। जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों में इन कार्यक्रमों में ड़िलाई पाई गई है, उनमें आवश्यक सुधार के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व परियोजना अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। बुधवार को जिले के दूरस्थ आंगनबाड़ी केन्द्र आरोली, इकौना, कांसेर व जंगीपुर से लेकर ग्वालियर शहर, भितरवार, घाटीगाँव व डबरा क्षेत्र के आंगनबाड़ी केन्द्रों का जिला प्रशासन के अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने स्पष्ट किया है कि यह निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता के साथ सभी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। पोषण आहार वितरण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो।

# रावण को जले 4 दिन हो गए राख अभी तक नहीं उठी



ग्वालियर। ग्वालियर महानगर में एतिहासिक रामलीला के आयोजन को हुए चार दिन गुजर गए। लेकिन रामलीला के रावण की राख को उठाने वाला नहीं है। तो वहीं गंदगी कचरे के ढेर में झुग्गी वाले तडका लगाने से भी नहीं चूक रहे है। यह नजारा नाक के नीचे नगर निगम पीआरओ कार्यालय के सामने फूलबाग मैदान का है। घूमन्तु लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर आशियाना बना लिया है। जो वहीं खाना पीना से लेकर सारे काम करते है। जिसके चलते पीआरओ कार्यालय के सामने अजीब सा माहौल बना रहता है। साथ ही तेज गंध और गंदगी का अंबार बना है। उधर बीते चार दिन से रामलीला के रावण की राख व ढांचा जस का तस पडा हुआ है। चैकाने वाली बात तो यह है कि पूरे चार दिन बीत गए है लेकिन निगम पीआरओ कार्यालय के सामने झाडू तो दूर राख युक्त कचरे के ढेर साफ नहीं हुए है। उल्लेखनीय है कि ग्वालियर में हर साल रामलीला समिति द्वारा प्राचीन व एतिहासिक रूप से फूलबाग मैदान में रामलीला का मंचन होता है। इसी अवसर पर दशहरे के दिन रावण का पुतला जलाया जाता है। सबसे बडा पुतला जो विशालकाय तथा लगभग 65 फीट उंचे रावण का पुतला फूंका गया था। रावण का पुतला जितना जला उसकी राख के ढेर सारी साथ ही बांस बल्ली ,घांस गत्ते के ढेर बेतरतीव ढंग से पडे है।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है डी.ए.पी. खाद : जिलाधिकारी

**रवि उत्पादकता गोष्ठी का हुआ आयोजन**

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी 2024-25 का आयोजन मा.कल्याण सिंह सभागर में किया गया। शुभारम्भ में कृषि विभाग एवं अन्य विभागों की स्टॉलों का निरीक्षण कर डीएम, सीडीओ व मंत्री प्रतिनिधि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलन किया। संचालन उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोनू मंगल ने किया। जिलाधिकारी ने परिसर में किसानों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना एवं त्वरित निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध है, कोई कमी नहीं है। खाद वितरण हेतु अधिकारियों को तैनात किया गया है, साथ ही दुकानों पर निरंतर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त जनपद की सीमाओं पर




सघन निगरानी रखी जा रही है। डीडी कृषि ने गोष्ठी में अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने किसानों को रबी में बोई जाने वाली फसलों हेतु बीज शोधन, भूमि शोधन एवं उन्नत किस्म की प्रजाति के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही यह भी बताया गया कि भूमि पर फसल चक्र अपनाने से फसल के उत्पादन में वृद्धि एवं कीटरोग से बचाव किया जा सकता है। साथ ही अवगत कराया कि इस वर्ष विभिन्न योजनाओं द्वारा कराये जा रहे प्रदर्शनों के बीज उठान में कृषकों को बीज मुफ्त में उपलब्ध कराया जायेगा तथा सामान्य बीज वितरण हेतु कृषकों को केवल कृषक अंश का भुगतान करने पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। उप कृषि निदेशक, ललितपुर द्वारा कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तृत चर्चा की गयी। मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजना का वह लाभ उठायें तथा किसी भी विभाग को योजना का लाभ देने के सापेक्ष में कोई धनराशि न दें। साथ ही अवगत कराया कि वर्तमान में सरकार द्वारा जनपद में पर्याप्त मात्रा में सोलर पम्प स्थापित किये जा चुके है तथा कृषि विभाग के प्रमाणित बीजों को क्रय कर अपने उत्पादन में वृद्धि करें साथ ही अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों के हित में चल रही योजनाओं की भी जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ मिलेगा। अन्य वक्ताओं में किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष सुरेश टोंटे, कृषि विज्ञान केन्द्र अध्यक्ष डा.मुकेशचंद्र, सीडीओ के.के.पाण्डेय ने भी संबोधित किया। डीएम ने कहा कि वर्तमान में जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुये फसलों का चयन करें तथा खरीफ की फसलों में हुई क्षति की अवशेष राहत राशि का भुगतान जल्द से जल्द कर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा से बीमित कृषकों का क्षतिपूर्ति का भुगतान अतिशीघ्र कराया जायेगा। जिलाधिकारी बताया कि बीमित ऋणी कृषकों के सापेक्ष गैर ऋणी कृषकों के बीमित होने की संख्या केवल एक प्रतिशत ही है। अधिक से अधिक गैर ऋणी कृषक अपनी फसल का बीमा अवश्य करायें ताकि क्षति के समय में क्षतिपूर्ति मिल सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि इस वर्ष खाद की निगरानी रैक प्वाइंट से कृषक तक की जायेगी जिससे खाद की अवैध बिक्री न हो पाये। खाद की कमी भी नहीं होने दी जायेगी।

# अब बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी को भी मिलेगा पारितोषिक योजना का लाभ

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि अब बिजली चोरी की रोकथाम के चलाई जा रही पारितोषिक योजना के तहत बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने में विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि में आउटसोर्स कर्मचारियों को भी शामिल किया गया है। कंपनी ने कहा है कि वर्तमान में विभागीय कर्मचारियों के दायित्वों का निर्वहन आउटसोर्स के कर्मचारियों द्वारा भी किय जा रहा है। विभिन्न परिसरों की जांच एवं जांच के उपरांत बनाये गये पंचनामा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध निकाली गयी राशि की वसूली में, सर्विस प्रावाईडर के माध्यम से नियुक्त आउटसोर्स के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जांच एवं वसूली के कार्य में सम्मिलित बाह्य स्त्रोत कर्मचारियों को भी परितोषिक योजनान्तर्गत 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जाने का निर्णय लिया है। इस राशि का भुगतान निश्चित अवधि में अर्धवार्षिक अथवा वार्षिक आधार पर दिया जाना निर्धारित किया गया है। गौरतलब है कि नियमित अथवा संविदा कर्मियों को योजना के शुरू होने के समय से ही 2.5 (ढाई) प्रतिशत प्रोत्साहन राशि दी जाती रही है। कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए यह योजना चलाई गई है। योजनांतर्गत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना कंपनी मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय में मुख्य महाप्रबंधक, संचा.संधा/शहर वृत्त कार्यालय के महाप्रबंधकों को लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाईट श्चश्चह्लह्ड्डह्य.श्चद्बष्5.द्बठ्ठ पर



ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को अथवा उपभोक्ता को विद्युत चोरी की क्षतिपूर्ति की पूर्ण राशि जमा होने पर, बिल की राशि के दस प्रतिशत की राशि को पारितोषिक राशि के रूप में दिये जाने का प्रावधान है। योजना के अंतर्गत सूचनाकर्ता के संबंध में जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखते हुए, कंपनी मुख्यालय से प्रोत्साहन की राशि सीधे संबंधित सूचनाकर्ता के बैंक के खाते में हस्तांतरित की जाती है। इस योजना के अंतर्गत क्षेत्रीय, वृत्त स्तर के अधिकारियों को जो शिकायतें प्राप्त होती है, उन शिकायतों पर तत्परता से कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु कंपनी मुख्यालय के द्वारा सतत रूप से निगरानी रखी जाती है। फर्म, एजेंसी, संगठन भी सूचनाकर्ता हो सकते है, जिन्हें कंपनी मुख्यालय में पदस्थ नोडल अधिकारी के माध्यम से पंजीकरण कराना आवश्यक है।

**पोर्टल अथवा उपाय ऐप पर देनी होगी सूचना**-मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना सूचनाकर्ता को निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि कंपनी मुख्यालय द्वारा सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी। वर्तमान में इस व्यवस्था को पूर्ण रूप से ऑनलाइन किया गया है तथा कंपनी वेबसाइट लिंक पर क्लिक करके, सूचनाकर्ता के द्वारा गुप्त सूचना दर्ज की जा सकती है। इसके अतिरिक्त उपाय एप के माध्यम से भी बिजली चोरी की सूचना दी जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भोपाल, ग्वालियर, नर्मदापुरम, चंबल क्षेत्र के समस्त नागरिकों, उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गुप्त सूचना देकर, पारितोषिक योजना का लाभ उठाकर कंपनी को सहयोग प्रदान अवश्य करें।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478